● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 06, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 03 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखी चिट्ठी 5

तेंदुलकर को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 6

## सरकार राजकोषीय अनुशासन और विकास को लेकर प्रतिबद्ध : सीतारमण



**नई दिल्ली।** भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को देश की बेदाग वित्तीय साख और मजबूत आर्थिक नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने कभी भी अपने राजकोषीय समेकन या ऋण कटौती लक्ष्यों से पीछे नहीं हटने दिया। उन्होंने यह बयान तब दिया जब मूडीज जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भारत की साख में बढ़ोतरी नहीं की। भारत सरकार वित्तीय अनुशासन और विकास के संतुलन को बनाए रखने की नीति पर कार्यरत है। ऋण-से-जीडीपी अनुपात को नियंत्रित करने, पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने और राजकोषीय घाटे को चरणबद्ध तरीके से कम करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने कहा, मैं रुपये की विनिमय दर में गिरावट से चिंतित हूं लेकिन मैं इस आलोचना को स्वीकार नहीं करूंगी कि, ओह रुपया कमजोर हो रहा है! हमारी वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत है। अगर बुनियाद कमजोर होती, तो रुपया सभी मुद्राओं के मुकाबले स्थिर नहीं होता। सीतारमण ने कहा, रुपये में जो अस्थिरता है, वह डॉलर के मुकाबले है। रुपया किसी भी अन्य मुद्रा की तुलना में कहीं अधिक स्थिर रहा है।

उन्होंने कहा, आरबीआई उन तरीकों पर भी विचार कर रहा है, जिनसे वह भारी उतार-चढ़ाव के कारणों को दुरुस्त करने के लिए ही बाजार में हस्तक्षेप करेगा। इसलिए हम सभी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। वित्त मंत्री ने रुपये की अस्थिरता और विनिमय दर में गिरावट को लेकर आलोचना करने वालों के बारे में कहा कि वे दलील देने में जल्दबाजी दिखा रहे हैं। सीतारमण ने कहा, आज डॉलर के मजबूत होने और अमेरिका में नए प्रशासन के आने के साथ, रुपये में आ रहे उतार-चढ़ाव को समझना होगा। आलोचनाएं हो सकती हैं, लेकिन उससे पहले थोड़ा और अध्ययन कर प्रतिक्रिया देना बेहतर होगा। पिछले कुछ महीनों में भारतीय रुपया दबाव में रहा है लेकिन यह एशिया और अन्य देशों की मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में सबसे कम अस्थिर मुद्रा है। हाल में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आने का कारण व्यापार घाटे में बढ़ोतरी के अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 2025 में ब्याज दर में कम कटौती के संकेत के बाद डॉलर सूचकांक में उछाल है।

निर्मला सीतारमण ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में वित्तीय अनुशासन और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखा है। उन्होंने मध्यम वर्ग को अब तक की सबसे बड़ी कर राहत दी, साथ ही अगले वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे में कटौती की रूपरेखा प्रस्तुत की और वर्ष 2031 तक जीडीपी के अनुपात में ऋण में कमी लाने की योजना रखी। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार को आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक उधारी लेनी पड़ी थी। इसके पीछे वैश्विक चुनौतियां, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और कई भौगोलिक क्षेत्रों में जारी संघर्ष जैसे कारण थे। इसके बावजूद, सरकार ने अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्यों का पालन किया और अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को निभाया।

शनिवार को मूडीज रेटिंग एजेंसी ने भारत की संप्रभु रेटिंग को तत्काल बढ़ाने से इनकार कर दिया। मूडीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी गुस्मान ने कहा कि भारत की सख्त वित्तीय नीति और घाटे में कमी सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन ऋण भार में पर्याप्त कमी और राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी के बिना रेटिंग में सुधार संभव नहीं। वर्तमान में मूडीज ने भारत को बाक्स स्थिर दृष्टिकोण के साथ वर्गीकृत किया है, जो न्यूनतम निवेश श्रेणी में आता है।

निर्मला सीतारमण ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत उधारी को नियंत्रित करने और ऋण को जीडीपी के अनुपात में कम करने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के आर्थिक कदम कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से अधिक अनुशासित हैं।

## आप-दा पार्टी ने दिल्ली के 11 साल बर्बाद कर दिए : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरकेपुरम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज कल हम देख रहे हैं कि कैसे दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं, आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि लोग आपदा से नफरत करते हैं। दिल्ली के लोगों के गुस्से से आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही है। दिल्ली की जनता के सामने आपदा वालों का नकाब उतर चुका है। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, दिल्ली की आप-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए।

पीएम ने कहा, आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां आप-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है।

पीएम मोदी ने कहा, कल बजट आने के बाद से पूरा मिडिल क्लास कह रहा है कि ये बजट, भारत के इतिहास में मिडिल क्लास के लिए सबसे फ्रेंडली बजट है। हमारी सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर इनकम टैक्स पूरी तरह जीरो कर दिया है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों के हजारों रुपये बचेंगे।

## देश की जेलें होंगी आधुनिक, आवंटित हुए 300 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2025-26 में जेलों के आधुनिकीकरण के लिए 300 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह वही राशि है जो 2024-25 में तय की गई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 75 करोड़ रुपये कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को इसका एलान किया। इस पैसे का इस्तेमाल खासतौर पर जेलों को उन्नत बनाने में किया जाएगा। बताते चलें कि 2023-24 में, कुल 86.95 करोड़ रुपये जेलों के आधुनिकीकरण पर खर्च किए गए थे। गृह मंत्रालय जेल प्रबंधन को बहुत महत्वपूर्ण मानता है क्योंकि जेलें आपराधिक न्याय प्रणाली का अहम हिस्सा हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2023 में कहा था कि बेहतर जेल प्रबंधन आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेल सुधार में सहयोग देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मई 2023 में, मंत्रालय ने नया मॉडल प्रिजन्स एक्ट (आदर्श कारागार अधिनियम) तैयार किया। इस कानून में अलग-अलग तरह की जेलों के लिए नियम बनाए गए हैं, जैसे कि उच्च-सुरक्षा जेल और खुली जेल। इसका मकसद खतरनाक अपराधियों और आदतन अपराधियों से समाज को सुरक्षित रखना भी है। इस नए कानून में कैदियों को कानूनी सहायता देने, अच्छे व्यवहार के आधार पर पैरोल, फरलो और समय से पहले रिहाई जैसी सुविधाएं देने का प्रावधान है। इसके साथ ही यह कैदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रदान कर उन्हें समाज में फिर से बसने में मदद करने पर भी ध्यान देता है। मॉडल प्रिजन्स एक्ट जेल प्रबंधन के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करता है, जिसमें कैदियों का पुनर्वास और सुधार शामिल है। इसमें कैदियों के लिए कल्याणकारी योजनाएं और उनकी रिहाई के बाद पुनर्वास सेवाएं भी शामिल हैं, ताकि वे जेल से बाहर जाकर समाज में आसानी से घुल-मिल सकें।

## दिल्ली चुनाव में प्रचार के बचे बस दो दिन, सभी दलों ने लगाया पूरा जोर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चुनावी मैदान में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के रणनीतिकारों ने माइक्रो बूथ मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दिया है। कांग्रेस ने जीतने वाले उम्मीदवारों फोकस बढ़ाया है तो आम आदमी पार्टी चुनाव प्रचार में बचे दो दिन में सभी दांव खेलने जा रही है। भाजपा मुख्यालय के एक शीर्ष नेता ने जमीनी सवाल पर कहा कि अब प्रचार के लिए कम ही समय बचा है। इंतजार कीजिए। आईसेल से जुड़े नेता ने माना कि कुछ विसंगतियां रहती हैं, उन्हें समय से दूर कर लिया जाता है।

## पीएम मोदी 24 फरवरी को करेंगे जीआईएस का शुभारंभ

### अंबानी-अदाणी समेत 20 हजार दिग्गज होंगे शामिल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पहली बार हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) का काउंटडाउन शुरू हो गया है। प्रदेश सरकार ने 24-25 फरवरी को आयोजित होने वाली जीआईएस की तैयारी शुरू कर दी है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को करेंगे। ऐसे में चर्चा है कि प्रधानमंत्री एक दिन पहले 23 फरवरी को भोपाल आ सकते हैं। समिट में आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों के साथ ही देश विदेश के बड़े उद्योगपति भी शामिल होंगे। इसमें अंबानी, अदाणी, टाटा संस, विप्रो ग्रुप के मालिक समेत करीब 20 हजार उद्योगतपति और निवेशकों के शामिल होने की चर्चा है। समिट में निवेशकों को मध्य प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं से अवगत कराया जाएगा। सरकार आयोजन को भव्य बनाने पर जोर दे रही है।

सरकार की तरफ से निवेशकों और उद्योगपतियों के ठहरने के लिए प्रमुख होटल बुक किए जा चुके हैं। साथ ही मेहमानों के लिए बसें, टैक्सी और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की व्यवस्था की गई है। आयोजन के साथ ही निवेशकों को महाकाल मंदिर, सांची, भीमबेटका सहित राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इसके अलावा, उन्हें मध्य प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों और विश्व स्तरीय विदेशी खानपान का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का मुख्य आयोजन राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में होगा। इसके लिए पूरे शहर को तैयार किया जा रहा है। खासतौर से स्मार्ट सिटी पार्क से संग्रहालय की तरफ जाने वाली सड़क, वीआईपी रोड, एयरपोर्ट रोड समेत आसपास की सड़को पर मरम्मत का काम किया जा रहा है। इन सड़कों के आसपास सौंदर्यीकरण का काम भी जारी है।

## बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बाघ छोटा भीम की इलाज के दौरान मृत्यु

**भोपाल।** बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व से घायल अवस्था में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं जू भोपाल लाये गये नर बाघ छोटा भीम की रविवार को मृत्यु हो गयी। छोटा भीम को घायल अवस्था में 30 नवम्बर, 2024 को खितौली परिक्षेत्र से रेस्क्यू कर उपचार के लिये बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया से भोपाल लाया गया था। पोस्टमार्टम में बाघ छोटा भीम की मृत्यु का कारण कन्जेस्टिव हार्ट फेलियर बताया गया। खतौली से रेस्क्यू किये गये छोटा भीम के गले में घायल होने का निशान था।

## मुंबई में पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने खेला क्रिकेट

**मुंबई।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को दक्षिण मुंबई में पारसी जिमखाना का दौरा किया और क्रिकेट का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे बहुत बार आउट नहीं हुए। उन्होंने इसे सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए लिखा, मुंबई की कोई भी यात्रा टेनिस बॉल क्रिकेट के खेल के बिना पूरी नहीं होती। इस दौरान ऋषि सुनक ने संवाददाताओं से कहा, पारसी जिमखाना क्लब की वर्षगांठ समारोह में आप सभी के साथ होना बहुत अच्छा लगा। क्या असाधारण उपलब्धि है। इतना इतिहास और इतना रोमांचक खेल। मैं आज सुबह बहुत बार आउट नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वे इस तरह के और दौरे की उम्मीद कर रहे हैं। प्रतिष्ठित पारसी जिमखाना की स्थापना 25 फरवरी, 1885 को सर जमशेदजी जीजीभॉय के संस्थापक अध्यक्ष और जमशेदजी टाटा के चेयरमैन के रूप में की गई थी। यह 1887 में सुरम्य मरीन ड्राइव के साथ अपने वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित हो गया।

## महाकुंभ हादसे में जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज



**लखनऊ।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हादसे के जिम्मेदार और शिथिलता बरतने वाले अफसरों व कर्मचारियों पर गाज गिरनी तय है। इसमें ज्यादातर पुलिसकर्मियों के होने की बात कही जा रही है। सीएम योगी ने ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सीएम ने आईसीसीसी में वसंत पंचमी स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पर्व पर व्यवस्थाओं को जीरो एरर रखने के निर्देश दिए। कहा कि इस अवसर पर अखाड़ों की पारंपरिक शोभायात्रा धूमधाम से निकलेगी। इसकी तैयारियां समय से कर ली जाएं। संतगण, कल्पवासी, श्रद्धालु और पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर चूक की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि पार्किंग स्थल बढ़ाए जाएं। ऐसी व्यवस्था करें कि श्रद्धालुओं को कम से कम चलना पड़े। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थलों पर एसपी लेवल के अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहीं भी जाम की स्थिति न बनने दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन सेक्टरों से ज्यादा शिकायतें आ रही हैं, वहां वरिष्ठ अधिकारी खुद जाएं। वरिष्ठ अधिकारियों को टीम के साथ ड्यूटी पर लगाएं। उनके लिए वहीं टेंट और खाने-पीने की व्यवस्था करें। कहीं भी भीड़ एक-दूसरे को क्रॉस करती नजर न आए। दो अधिकारी कंट्रोल रूम से निगरानी करें। बाकी सीमा, शहर और मेला क्षेत्र में व्यवस्था दुरुस्त करें। दो और तीन फरवरी हमारे लिए चुनौतीपूर्ण होगी।


## भगदड़ के पीछे साजिश की जांच कर रही पुलिस, खंगाले जा रहे सीसीटीवी

**लखनऊ।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में 30 लोगो की मौत की घटना के पीछे कोई साजिश होने की आशंका जताए जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अलावा यूपी एटीएस और एसटीएफ की टीमें भगदड़ कराने के जिम्मेदार माने जा रहे युवाओं के समूह को तलाश रही हैं। बता दें कि इस प्रकरण की जांच के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन भी किया है। दरअसल, भगदड़ के बाद तमाम पीड़ितों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बयान दिया है कि उन्हें युवाओं के एक समूह द्वारा लगातार धक्का मारा जा रहा था जिससे हालात बिगड़े और लोग खुद को बचाने के लिए आगे वालों को धक्का मारने लगे। इससे कुछ लोग गिर पड़े और भीड़ उनके ऊपर से होकर गुजरने लगी। इससे 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 37 घायल हुए। इसी तरह झूंसी इलाके में भी भगदड़ हुई। इन दोनों घटनाओं के पीछे अराजक तत्वों की भूमिका की जांच के लिए अब सारे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, जिसमें उन युवकों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्हें घटना का जिम्मेदार माना जा रहा है।

## कनाडा का एलान-अमेरिकी सामान पर लगाएंगे 25 फीसदी टैरिफ

**ओटावा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एलान के बाद 25 फीसदी टैरिफ लगने पर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जवाब दिया है। पीएम ट्रूडो ने कहा कि हम भी अमेरिका को जवाब देंगे। हम 155 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। मंगलवार से 30 बिलियन डॉलर मूल्य के सामान पर यह टैरिफ लागू किया जाएगा। जबकि आने वाले 21 दिन में 125 बिलियन डॉलर मूल्य के सामानों पर और टैरिफ लगाए जाएंगे। वहीं मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने से समस्याएं हल नहीं होती हैं।

## जनहित याचिका का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान, तीन फरवरी को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक इस जनहित याचिका को तीन फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया गया है। याचिका में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश देने और नियमों का पालन कराने की मांग की गई है। महाकुंभ में 29 जनवरी को मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के मुताबिक याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से महाकुंभ हादसे को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर तीन फरवरी को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ सुनवाई करेगी। याचिका में भगदड़ की घटनाओं को रोकने और जीवन के मौलिक अधिकारों की रक्षा की मांग की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से दाखिल जनहित याचिका में केंद्र और सभी राज्यों को पक्षकार बनाते हुए महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का निर्देश देने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि सभी राज्यों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने और आपात स्थिति में अपने निवासियों की सहायता के लिए प्रयागराज में सुविधा केंद्र स्थापित करने चाहिए।

## दिल्ली मे सीएम ने रोड शो कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगा समर्थन



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा। यहां पर आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा में त्रिकोणीय मुकाबला है। सोमवार को चुनाव प्रचार थमने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दिल्ली की विकासपुरी, उत्तम नगर, नजफगढ़, एवं मालवीय नगर विधानसभाओं में जनसभा व प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर नांगलोई विधानसभा में रोड शो कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चुनाव में अब लगभग 48 घंटों का समय बाकी है। लेकिन इस दौरान हमें सतर्क रहना है। रावण की तरह सोच रखने वाले लोग फिर नाटक करने आएंगे। ये सोने का मृग दिखाएंगे। इनकी नीयत खराब है। ये चुनाव जीतने के लिए कई तरह के प्रपंच रचेंगे। लेकिन ये कितने ही षडयंत्र रच लें, आपको इनके झांसे में नहीं आना है। यहां मौजूद हर व्यक्ति ये संकल्प ले कि जब तक आखिरी वोट न पड़ जाए, कमल सिपाही बनकर तैनात रहना है। हर व्यक्ति अपने आपको नरेंद्र मोदी मानते हुए तब तक सक्रिय रहे, जब तक अंतिम वोट न डाल दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बीच में दो देवता हुए हैं, भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण। इन दोनों ने ही अपने जीवन में अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया। इनके खिलाफ आसुरी शक्तियों ने खूब झूठी माया फैलाई। एक के तो दस सिर थे, जो हर बार अलग मुंह से नया झूठ बोलता था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम और भगवान कृष्ण के बीच लाखों सालों का अंतर था और वह समय हमने नहीं देखा है। आज फिर राक्षसी ताकतें वैसी ही माया फैला रही हैं। लेकिन हमें भगवान राम और कृष्ण के लिए, सत्य के लिए, मानवता के लिए, सबकी बेहतरी के लिए, सबको साथ लेकर चलने के लिए और देश को महान बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को जिताना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता सीता जब भगवान राम के साथ वनवास काट रही थी, तब रावण ने माता सीता के हरण के लिए षडयंत्र रचा। उसने स्वर्ण मृग का रूप रखकर भोली-भाली माता सीता को अपनी माया में फंसाया। अपनी माया से भगवान राम और लक्ष्मण जी को कहीं और भिजवा दिया और स्वयं भिक्षा मांगने पहुंच गया। केजरीवाल भी वर्तमान समय का रावण है। इसकी निगाह सत्ता प्राप्ति पर है और इसके लिए ये कई तरह के प्रपंच रच रहा है। अपनी जिद पूरी करने के लिए इसने दिल्ली को कहां से कहां पहुंचा दिया। पहले कहता था मैं दो कमरे में रह लूंगा, फ्लैट में रह लूंगा। फिर कहा मैं कोई राजनीतिक दल नहीं बनाउंगा। कुर्सी हासिल करने के लिए इसने दिल्ली को गर्त में गिरा दिया। आज हर तरफ कचरे के पहाड़ खड़े हो रहे हैं। पानी के अभाव में यमुना जी के आंसू बह रहे हैं। लेकिन ये इतनी मोटी चमड़ी वाले हैं कि इनको कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन अब दिल्ली की जनता ने तय कर लिया है कि यहां भी कमल खिलाना है।

# लिनेस क्लब कैंसर दिवस पर करेगी जागरुकता रैली



सीधी। जिले में कैंसर रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस मामले को लेकर लिनेस क्लब कामाख्या द्वारा एक जागरुकता अभियान के तहत विश्व कैंसर दिवस पर 4 फरवरी को मैराथन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य कैंसर के प्रति लोगों को जागरुकता देने एवं स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसकी जानकारी देते हुए लिनेस क्लब की अध्यक्ष एवं मिश्रा नर्सिंग होम सीधी की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बीना मिश्रा द्वारा बताया गया कि कैंसर के बारे में समाज में कई भ्रांतियां हैं। इसके बारे में जागरुकता की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य है कि मैराथन के जरिए लोगों को बताना है कि कैंसर का समय पर पहचान और उचित इलाज इसे हराने में मददगार साबित हो सकता है। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कैंसर से प्रभावित लोगों के लिए धन जुटाने का काम भी किया जाएगा। डॉ. बीना मिश्रा ने बताया कि मैराथन का शुभारंभ जिला चिकित्सालय से 4 फरवरी को सुबह 8 बजे होगा। जिसका समापन केंद्रीय विद्यालय सीधी से होते हुए गांधी चौराहे में होगा। इस आयोजन में सभी आयु समूहों और फिटनेस स्तर के लोग हिस्सा ले सकते हैं। समापन समारोह में कैंसर के प्रभाव, उपचार और रोंकथाम के बारे में विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही उन लोगों की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा की जाएंगी। जिन्होने कैंसर से संघर्ष किया और उसे हराया। इस दौरान लिनेस क्लब में शामलि पदाधिकारियों में डॉ. सुनीता तिवारी, रिचा सिंह, आकृति द्विवेदी, विनीता मिश्रा, सर्मिला सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संस्था लगातार कर रही जागरुकता का आयोजन : डॉ. बीना

लिनेस क्लब कामाख्या की अध्यक्ष डॉ. बीना मिश्रा ने बताया कि 8 माह से यह क्लब गठित किया गया है। जिसमें हर जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सीधी जिले में भी कई कार्यक्रमों का आयोहन होगा। हर जगह स्कूल एवं अस्पतालों में कायक्रम का आयोजन किया गया है। बताया गया है कि जिला चिकित्सालय में एक बड़ा कार्यक्रम भी किया गया जिसमें 485 नेत्र रोगियों का परीक्षण कराया गया। जिसमें सबसे ज्यादा नेत्र रोगियों का आपरेशन सफल हुआ है। इसके साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर कोटहा को क्लब ने गोद लिया है। इसके साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय 9वीं एवं 11वीं प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

सीधी। प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट एवं सीधी में दिनांक 08.02.2025 को होगा। परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्टिंग का समय 10.30 बजे है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड एवं प्रिंट कर के परीक्षा में उपस्थित हों किसी तरह के सुधार हेतु दिनांक 03.02.2025 तक जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में सम्पर्क कर सकते हैं।

उन्होने बताया कि कक्षा 9वीं की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 480 विद्यार्थी जो कि अनुक्रमांक 202422 से 202829 तक, सीधी क्रमांक 01 में 600 विद्यार्थी 202830 से 203429 तक एवं सीधी क्रमांक 02 में 396 विद्यार्थी 203430 से 203825 तक तथा कक्षा 11वीं की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 154 विद्यार्थी 137554 से 137707 तक विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# भीषण सडक़ हादसे में बालक की दर्दनाक मौत



सीधी। जिले के मड़वास चौकी अंतर्गत भीषण सडक़ हादसा रविवार की दोपहर घटित हुआ। जिसमें कि बल्कर की चपेट में सायकल सवार नाबालिग बालक की दर्दनाक मौत हुई है। घटना इस तरह रही कि उसका सिर एवं धड़ अलग-अलग हो गया। घटना के बाद भीड़ एकत्रित हो गई। जिसमें कि लोगों में आक्रोश भी दिखा।

जानकारी के अनुसार बल्कर की चपेट में आने से नाबालिक लडक़े की धड़ से अलग हो गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में नाबालिक का कमर से धड़ अलग हो गया। वहीं पर एक गौवंश की भी मौत हो गई। घटना देख आसपास कोहराम मच गया।

यह मामला ग्राम बछेरादह शिकरा निवासी सुभाष यादव पिता छंगू यादव उम्र 16 वर्ष अपने घर से धान लेकर आदर्श भवन नरेंद्र गुप्ता के दुकान में बेचने गया था। धान की बिक्री करने के बाद वह दुकान से सामान लिया और साइकल से घर की तरफ जा रहा था तभी सीधी से टिकरी की ओर जा रहा बल्कर अनियंत्रित हो गया और मृतक उसकी चपेट में आ गया जो लगभग 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। जहां उसका धड़ अलग हो गया और उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दर्दनाक हादसे को देख ग्रामीण इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही टिकरी पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह व मड़वास चौकी प्रभारी केदार परौहा घटना स्थल पर पहुंच कर बल्कर को पुलिस अभिरक्षा मड़वास पुलिस चौकी में खड़ा कर लिया गया है। पंचनामा बनाकर व मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# विश्व कैंसर दिवस 04 फरवरी के अवसर पर होगा मैराथन

सीधी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने जानकारी देकर दिनांक 04.02.2025 को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब सीधी के सहयोग से समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम प्रात: 08 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा जिसमें मैराथन आयोजन जिला अस्पताल से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चौराहे से होते हुए सेन्ट्रल स्कूल से गांधी चौराहे तक किये जाने का निर्णय लिया गया है।

जिला चिकित्सालय सीधी एवं नगरपालिका क्षेत्र सीधी के आसपास के समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग आफीसर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, ए.एन.एम., आशा/ऊषा सहयोगी, सुपरपाईजर्स व समस्त स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए अधिकारी /कर्मचारी को आदेशित किया गया है कि दिनांक 04.02.2025 को प्रात: 08.00 बजे जिला चिकित्सालय प्रांगण में एकत्रित होकर उक्त मैराथन आयोजन को भव्य स्वरूप दिये जाने हेतु समस्त चिकित्सक/ कर्मचारी अपने-अपने ड्रेस कोड में उपस्थित होंवे। उक्त दिवस को सुबह 10 बजे के बाद समस्त चिकित्सक/ कर्मचारी अपने-अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर पदीय दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

# धनहा स्कूल में बाउंड्री निर्माण में हो रही भर्रेशाही



सीधी। जिले के जनपद पंचायत पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत धनहा में बाउंड्री निर्माण का काम किया जा रहा है। जहां कि काफी भर्रेशाही की शिकायतें मिल रही हैं। हालात यह है कि यहां रेल की जगह डस्ट से बाउंड्री का काम कराया जा रहा है। वहीं घटिया रेत निर्माण की भी शिकायतें काफी मिल रही हैं। मामले में शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। ग्राम पंचायत धनहा में सरपंच राजीव ड्क्षसह एवं इंजी. अनूप ड्क्षसह की मिलीभगत के कारण घटिया निर्माण होने के बाद कोई पहल नहीं हो रही है। हालात यह है कि स्कूल में घटिया किस्म की ईंट एवं राखड़ से बाडंड्री का निर्माण कराया जा रहा है। स्कूल परिसर में बन रही बाउंड्री में देखा जाए तो यह खुद तस्वीरें बयां कर रही हैं कि यहां कि तरह घटिया निर्माण का काम हो रहा है। ईंट के नाम पर देशी घटिया किस्म की ईंटे एवं घटिया क्वालिटी की गिट्टी सहित अन्य शिकायतें मिली हैं। आखिर इस पर पाबंदी लगाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी क्यों पहल नहीं कर रहे हैं। कुल मिलाकर सरपंच एवं उपयंत्री सहित विभागीय अमले की मिलीभगत के कारण यह स्थिति निर्मित हो रही है।

## सीईओ पर जनता को है भरोसा, करें कार्यवाही

इस मामले में लोगों को उम्मीद है कि जिला पंचायत सीईओ अंशुमान राज एक तेज-तर्राट अधिकारी हैं। उनके द्वारा यदि पहल की जाएगी तो निश्चित रूप से कार्यवाही हो सकती है अन्यथा इसी तरह से मनमानी का आलम बना रहेगा। इस मामले में जनपद सीईओ रामपुर नैकिन से भी क्षेत्रीय लोगों को उम्मीद हैं कि वह भी कुछ कार्यवाही कर सकते हैं। जब तक भ्रष्टाचार की गंगा बहने पर रोंक नहीं लगेगी तब तक यही स्थिति निर्मित होती रहेगी एवं विकास के नाम पर भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जाएगा।

# शासकीय संजय गांधी स्मृति कॉलेज में ''वर्ल्ड वेटलैंड डे'' का हुआ आयोजन



सीधी। पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ पी के सिंह के मार्गदर्शन में एनसीसी यूनिट द्वारा विश्व आद्रभूमि दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टीनेंट (प्रो.) उमाकांत साहू द्वारा बताया गया कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस हर वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य आर्द्रभूमि के महत्व को बढ़ावा देना एवं लोगों को जागरूक करना एवं इससे प्राप्त होने वाले संसाधनों का संरक्षण करना जैसे जल भोजन और सामग्री आदि। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कैडेट्स उपस्थित रहे।

# सांसद को मिली दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी



सीधी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र 58 लक्ष्मीनगर जिला शाहदरा के भाजपा प्रत्याशी अभय वर्मा के समर्थन में घर-घर सम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु अपील किया। डोर टू डोर कैंपेन करने के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी काम पूरा होने की गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। जनता आपदा की सरकार से ऊब चुकी है। सांसद डॉ. मिश्रा केजरीवाल की सरकार को भ्रष्टाचारी, झूठ और पाखंड की सरकार बताया। इस दौरान लोगो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विकसित दिल्ली संकल्प पत्र भेंट किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र अरोरा, पार्षद अल्का राघव, मण्डल महामंत्री कमलेश झा, विभा सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांजा बिक्री करने वाला आरोपी पहुंचा जेल

सीधी। गांजा बिक्री करने के आरोप में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार 132000 रुपये का मशरुका टिकरी पुलिस ने जप्त कर जेल पहुंचाया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी कुसमी सुश्री रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक बघेल व चौकी प्रभारी मड़वास उप निरीक्षक केदार परौहा के नेतृत्व में उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं टीम ने अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुए आरोपी बिजय साहू उर्फ बब्लू पिता गया प्रसाद साहू उम्र 36 साल निवासी चंगेरी थाना कोतमा जिला अनूपपुर को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुए आरोपी को जिला जेल सीधी दाखिल कराया है। पुलिस के अनुसार उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह पुलिस सहायता केंद्र टिकरी को कल दिनांक 1 फरवरी 2025 को मुखबिर द्वारा सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति काले कलर की मोटर साइकल लिये गुप्ता बगीचा टिकरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा विकी करने के फिराक में ग्राहक की प्रतीक्षा कर रहा है, जो पुलिस की गाडी को देखकर भागने लगा जिन्हे हमराही स्टाप की मदद से पकड़वाया गया एवं नाम पता पूछा गया जो अपना नाम बिजय साहू उर्फ बब्लू पिता गया प्रसाद साहू उम्र 36 साल निवासी चंगेरी थाना कोतमा जिला अनूपपुर मप्र का होना बताया।

# नेशनल गेम्स में सीधी की बेटी ने जीता गोल्ड



सीधी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल प्रशिक्षक मानिंद शेर अली खान वूशु ट्रेनिंग सेंटर पुलिस लाइन सीधी द्वारा दी जानकारी के अनुसार 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड देहरादून के राजीव गांधी स्टेडियम में स्पर्धा के अंतिम दिन मप्र की वूशु खिलाड़ी गीतांजलि त्रिपाठी ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया सीधी, ट्विंकल भंडारी ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में और नम्रता बत्रा ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को करारी शिकस्त देकर 3 स्वर्ण पदक तथा भू रक्षा दुबे ने स्पेयर स्पेयर इवेंट में ने रजत पदक जीत कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। कल तक हुए स्पर्धा में प्रदेश के यश नामदेव, वंशिका नामदेव तथा प्रज्ञा यादव ने स्वर्ण पदक रोहित जाधव ने रजत पदक तथा संयोगिता सिंह भदौरिया सीधी ने एक कांस्य पदक हासिल किया था। मध्य प्रदेश वुशु दल के टीम कोच दिव्यांश मनोज गुप्ता थे। 38 वें नेशनल गेम्स में प्रदेश के वुशु खिलाडिय़ों ने अब तक कुल 6 स्वर्ण, 2 रजत तथा 1 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। खिलाडिय़ों की सफलता पर खेल संचालक रवि गुप्ता, सहसंचालक खेल बालू सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा, जिला खेल एवं युवक कल अधिकारी सीधी अरविंद कुमार श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, जिला खेल अधिकारी आशीष पाण्डेय जबलपुर आदि ने बधाइयां प्रेषित की है।

# साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सिहावल। जिले के थाना अमिलिया पुलिस के द्वारा ग्राम उक्सा में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम संपादित किया गया। मध्य प्रदेश शासन के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा चलाए जा रहे साइबर अपराध के संबंध में जागरूकता अभियान संपादित के निर्देश के परिपालन पर दिनांक 2 फरवरी 2025 को ग्राम पंचायत उक्सा मे आयोजित किया गया। जिसमें जिसमें जानकारी दी गई क्या करें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में ऑनलाइन सेटिंग से दूर रहे, ईमेल पासवर्ड मजबूत रखें, बदलते रहे, प्राइवेट सेटिंग के माध्यम से अपनी निजी जानकारियां छुपा कर रखें, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट में खराबी आने पर विश्वसनीय व्यक्ति से अपने सामने सुधार करवावे, पुराने डिवाइस बेचने से पूर्व मेमोरी का डाटा वाइट कर रिसीव करें, जिसमें कोई आपका नहीं जी डाटा रिकवर ना कर सके ऑनलाइन लॉटरी केबीसी कैशबैक जब लोन बीमा शॉपिंग ऑफर आज के पर लोगों से सावधान है। ऑनलाइन शॉपिंग के लिए मानता प्राप्त ई-कॉमर्स वेबसाइट अप का प्रयोग करें, क्या ना करें, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों को फ्रेंड रिसीव स्वीकार न करें, अपने पिन पासवर्ड आज कभी भी किसी के साथ सजा ना करें, ना ही कहीं लिखकर रखें, अनजान ना भरोसे आए वीडियो कॉल रिसीव ना करें, ऑनलाइन चेक पर आपत्तिजनक अंतरंग फोटो वीडियो आदि सजा ना करें। अपने मोबाइल कंप्यूटर आज पर कभी भी अंतरंग निजी फोटो वीडियो वाली निमित्त ना करें। सोशल मीडिया पर किसी मित्र द्वारा मजबूरी बात कर पैसे की मांग करने पर पैसे ना जमा करें। किसी अन्य विश्वसनीय माध्यम से पोस्ट कर ले किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। ऑनलाइन मित्र से एकांत में अकेले मिलने ना जाए। ऑनलाइन में दोबारा भेजा गया महंगा गिफ्ट आज प्राप्त करने की लालच में कस्टम ड्यूटी एक्सचेंज चार्ज के नाम पर पैसा न जमा करें।

# भरपूर असर बेहतर हाल, जेनेरिक दवा करे कमाल

सीधी। ऋषिकेश फाउण्डेशन की बाल सेना मोगली पलटन द्वारा जेनेरिक दवाओं के प्रति जन जागरूकता हेतु कछुआ चाल साइकिल रैली निकाली गई। मोगली पलटन द्वारा हर माह के पहले रविवार को साइकिल रैली आयोजित की जाती है। फाउण्डेशन के प्रवक्ता सचिन पाण्डेय ने बताया कि ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा पिछले ग्यारह माह से मिशन रामबाण चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जेनेरिक दवाइयों के प्रति जागरूकता लाना है। आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का केमिकल सॉल्ट होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है। उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे।

# एसआईटी पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



सीधी। शहर की प्रतिष्ठित एसआईटी पब्लिक स्कूल सीधी में बारहवीं के स्टूडेंट्स के लिए भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के आशीर्वाद से हुई। जिसमें एसआईटी ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल शोभा रेड्डी, प्रशासनिक अधिकारी रावेंद्र पाण्डेय, मैनेजर अभिषेक सिंह, परीक्षा विभाग प्रमुख रजनीश द्विवेदी, इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्राचार्य विष्णुदत्त त्रिपाठी, फार्मेसी कॉलेज प्रमुख सुनील द्विवेदी एवं स्कूल की हेड मिस्ट्रेस नेहा तिवारी तथा स्कूल के हेड गर्ल और हेड बॉय ने दीप प्रज्वलित किया। साइटेशन सेरेमनी में बारहवीं के स्टूडेंट्स को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। हेड गर्ल समृद्धि सिंह और शिवांशी गुप्ता एवं हेड बॉय ओम सिंह बघेल ने अपने स्कूली जीवन के यादगार पलों को साझा किया, जिससे वातावरण भावुक हो उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बारहवीं के स्टूडेंट्स ने गीतों की पैरोडी प्रस्तुत की, जबकि ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने स्कूल लाइफ नामक एकांकी के माध्यम से स्कूली जीवन की रोचक घटनाओं को दर्शाया। कार्यक्रम में बारहवीं के छात्रों की पिछले वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। समारोह के अंत में एसआईटी ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल शोभा रेड्डी ने स्टूडेंट्स को सफलता के मार्ग पर चलने का आशीर्वाद दिया और स्कूल के मूल्यों का पालन करते हुए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। यह फेयरवेल पार्टी विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव रही, जहां उन्होंने अपने शिक्षकों और साथियों के साथ बिताए पलों को संजोने का संकल्प लिया। साथ ही समाज और देश के प्रति अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल समृद्धि सिंह बघेल रही, तो मिस्टर फेयरवेल पुष्पेंद्र रहे। साथ ही मिस्टर कॉमेडियन शिवम, मिस्टर राइडर आदर्श, मिस्टर कूल अरमान, मिस ब्यूटी क्वीन शिवांशी, मिस्टर इनोसेंट पंकज, मिस्टर स्टाइलिश पुष्कर, मिस्टर इंटेलिजेंट ओम सिंह एवं प्लेयर ऑफ द ईयर शौर्या रहे। ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर प्रिंसिपल शोभा रेड्डी ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं कार्यक्रम का सफल आयोजन में मुख्य भूमिका में काजल कुंदेर अंकित सिंह एवं सभी शिक्षकों का रहा। कार्यक्रम में सभी शिक्षक और विद्यालयीन सभी स्टाफ मौजूद रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

## मणिपुर में जबरन वसूली के लिए कट्टरपंथी मेइती समूह के तीन सदस्य गिरफ्तार



**इंफाल, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में जबरन वसूली में शामिल होने के आरोप में मेइती कट्टरपंथी संगठन अरामबाई टेंगोल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें शनिवार को जिले के कीथेलमनबी से गिरफ्तार किया गया और उन पर पैसे वसूलने के लिए ''इंफाल-जिरीबाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले वाणिज्यिक वाहनों के चालकों के चालान काटने'' का आरोप है। गिरफ्तार लोगों की पहचान थंगजाम जॉर्ज सिंह (28), अबुजाम नरेंद्र सिंह (21) और वाहेंगबाम अमरजीत सिंह (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इन लोगों के कब्जे से एक प्रिंटर, नौ पेपर रोल, दो वायरलेस सेट और अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

## ठाणे में बिजली चोरी के आरोप में आठ लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे , एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बिजली चोरी के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के अधिकारियों ने 31 जनवरी को भिवंडी क्षेत्र के कोणगांव में कई घरों में छापे मारे। उन्होंने पाया कि कुछ निवासियों ने मीटर के बजाए सीधे खंभों से बिजली के तार जोड़े हुए थे। शांति नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि इस तरह उन्होंने मई 2023 और अक्टूबर 2024 के बीच बिजली खपत की जिससे बिजली कंपनी को 5.35 लाख रुपये से अधिक की चपत लगी। उन्होंने बताया कि विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## छत्तीसगढ़ के चुंचुना गांव को आजादी के बाद पहली बार मिला पीने का साफ पानी

**बलरामपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर के नक्सली प्रभावित चुंचुना गांव के लोगों के लिए आज का दिन बड़ी खुशी लेकर आया है। कुसमी विकासखंड के तहत आने वाले चुंचुना गांव के लोगों को आजादी के बाद पहली बार साफ पीने का पानी नसीब हुआ है। आजादी के 77 साल बाद इस गांव के लोग अब साफ और स्वच्छ पानी पी सकेंगे। मोदी सरकार के जल जीवन मिशन के तहत यह मुमकिन हो पाया है। रविवार को बलरामपुर के नक्सल प्रभावित कुसमी विकासखंड के चुंचुना गांव के लोगों का उस वक्त खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उन्हें आजादी के बाद पहली बार साफ पीने का पानी मिला। चुंचुना गांव बलरामपुर जिले में छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर स्थित है और यहां लगभग 100 घर हैं। गांव के लोगों का हैंडपंप से पानी निकालने का वीडियो भी सामने आया है जिसमें महिलाएं इस खास अवसर पर काफी खुश नजर आ रही हैं। जल जीवन मिशन का लक्ष्य 2024 तक ग्रामीण भारत के सभी घरों में व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शनों के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम के तहत स्रोत स्थिरता उपायों को अनिवार्य तत्वों के रूप में लागू किया जाएगा, जैसे कि ग्रे वाटर मैनेजमेंट के माध्यम से रिचार्ज और पुनः उपयोग, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन।

## बांग्लादेशी भारतीय सीमा में घुर रहे हैं, यहां पर फसल और अन्य चीजें चुरा रहे हैं: मंत्री अखरूज्जमां

**कोलकाता, एजेंसी।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हालात लगातार मुश्किल रहे हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मंत्री ने बड़ा सवाल उठाया है। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री अखरूज्जमां ने आरोप लगाया है कि मुर्शिदाबाद में कुछ बांग्लादेशी भारतीय सीमा में घुर रहे हैं। यह लोग यहां पर फसल और अन्य चीजें चुरा रहे हैं। उन्होंने अपील की है कि यहां अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़बंदी करने की जरूरत है। बता दें कि शेख हसीना के पलायन के बाद बांग्लादेश और भारत के रिश्ते सामान्य नहीं रह गए हैं। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री अखरुज्जमां ने बांग्लादेश से लगी बिना बाड़ वाली सीमा पर मुर्शिदाबाद जिले में कुछ लोगों द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने का जिक्र किया है। उन्होंने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा की बाड़बंदी करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। मंत्री ने दावा किया कि कुछ बांग्लादेशी, जिले में बिना बाड़ वाली सीमा का फायदा उठाकर, भारतीय क्षेत्र घुस रहे हैं और फसल तथा अन्य सामग्री चुरा रहे हैं। बिजली मंत्री अखरूज्जमां ने कहाकि ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए उन क्षेत्रों में स्थायी बाड़ लगाई जानी चाहिए, जहां अब तक बाड़ नहीं लगाई गई है। मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज निर्वाचन क्षेत्र से विधायक अखरूज्जमां ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पश्चिम बंगाल पुलिस, दोनों ही ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जिले के कुछ इलाकों में बिना बाड़ वाली सीमाएं इसमें बाधा बन रही हैं।

# वंदे भारत ट्रेन पर सरकार मेहरबान पांच रूट भी होंगे अपडेट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में रेलवे के ट्रैक को अधिक सुरक्षित बनाने और उन पर सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन के परिचालन को अहमियत दी है। बजट में रेल मंत्रालय को 3,02,100 करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। इनमें से 2,55,000 करोड़ रुपये नई पटरियों, पटरियों के दोहरीकरण के अलावा वंदे भारत, वंदे भारत स्लीपर और अमृत भारत ट्रेन के कोच निर्माण पर खर्च किया जाएगा। इसके अलावा, रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं व खानपान को बेहतर बनाने के उपाय किए जाएंगे। बजट में रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक व विश्व स्तरीय बनाने पर जोर रहेगा। सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में रेलवे को 2,79,000 रुपये का आवंटन किया था। आम बजट 2025-26 में 23,100 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। तीन लाख करोड़ से अधिक के बजट में रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक व विश्व स्तरीय बनाने पर जोर रहेगा।

**रेलवे रूट हो रहे अपडेट :** रेलवे दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-कोलकाता, दिल्ली-चेन्नई, दिल्ली-हावड़ा, मुंबई-हावड़ा रेलवे रूट को अपग्रेड कर रहा है। सरकार भविष्य में बुलेट ट्रेन चलाने के बजाए वंदे भारत स्लीपर को अधिकतम 240 किलोमीटर प्रतिघंटा चलाने की योजना बना रही है। सीतारमण ने विकसित देशों की तर्ज पर भारतीय रेल में यात्री व मालढुलाई के लिए तीन नए रेल कॉरिडोर बनने की घोषणा पिछले बजट में कर दी थी। बजट से 260 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की योजना को गति मिलेगी। विश्व स्तरीय सुविधाओं वाली लंबी दूरी की सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन भारतीय रेल का चेहरा बदल देंगी। रेलवे ने 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के निर्माण के लिए मंजूरी दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 50 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को चलाने का लक्ष्य है। जबकि रेलवे ने तकनीकी पर आधारित 200 नई वंदे भारत ट्रेन को बनाने की योजना तैयार की है।

**स्लीपर की जगह एसी श्रेणी में सफर को तरजीह :** रेल किराये मद में रेल की बढ़ती आमदनी इस बात का संकेत है कि यात्री स्लीपर-जनरल के बजाए एसी श्रेणियों में ज्यादा सफर कर रहे हैं। बजट में रेलवे की यात्री किराये में आय का लक्ष्य 92,800 करोड़ रखा गया है। पिछले साल इस मद में रेलवे की आय 80,000 करोड़ हुई थी। वंदे भारत ट्रेन की बढ़ती लोकप्रियता, एसी कोच के उत्पादन में उछाल, ट्रेन का समयपालन, आसन रेल टिकट बुकिंग आदि के चलते स्लीपर श्रेणी के यात्री धीरे-धीरे एसी-3, 2 व चेयरकार में सफर करने लगे हैं। वित्त मंत्री ने रेलवे को 3,02,100 करोड़ के भारी भरकम बजट देकर रेलवे के सुरक्षित और तेज सफर का प्रबंध किया है। इसका अधिकांश हिस्सा रेलवे के बुनियादी ढांचे के मजबूत-आधुनिकीकरण पर खर्च किया जाएगा। रोड सेफ्टी को रेलवे आरओबी-आरयूबी पर 7706 करोड़ खर्च करेगा। 1700 लोकोमोटिव खरीद से यात्री मद में 8.7 व मालढुलाई में 3.13 फीसदी की क्षमता वृद्धि होगी। रेलवे अमृत भारत योजना के तहत 303 स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बढ़ाएगी। जबकि रेल सुरक्षा सुदृढ करने के लिए 150 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनेंगे।

## मेरी लड़ाई आत्मसम्मान की है, वो जारी रहेगीः अनिल विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सीनियर मंत्री अनिल विज के बीच टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। उन्होंने शुक्रवार को सीएम सैनी को हेलिकॉप्टर वाला मुख्यमंत्री करार दिया था। इसके अलावा सरकार के खिलाफ अनशन का ऐलान करने वाले अनिल विज ने एक बार फिर से तेवर दिखाए हैं। शनिवार को अनिल विज आज पुष्पा अंदाज में दिखे और झुकेगा नहीं वाला पुष्पा साइन ऑफ किया। पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहा कि मैं जो बोलता हूं, आत्मा से बोलता हूं। मेरी कोई हैसियत नहीं कि मैं कुछ बोलूं। मैं जो बोलता हूं आत्मा से बोलता हू और आत्मा की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। विज ने कहा कि मेरी लड़ाई आत्मसम्मान की है, वो जारी रहेगी। यही नहीं अंबाला के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को बदले जाने पर भी अनिल विज ने कहा कि यह कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि यह आते-जाते रहते हैं, इससे कोई ताल्लुक नहीं है। वहीं, कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के ट्वीट कि हरियाणा में अफसरशाही हावी है और मंत्रियों को मंत्री नहीं माना जाता, के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हुड्डा साहब ने ऐसा कहा है तो उनका धन्यवाद। अंबाला कैंट से लगातार विधायक चुने जा रहे अनिल विज ने पिछले दिनों एक मीटिंग में एसएचओ को सस्पेंड करने का आदेश दे दिया था। उनके आदेश के बाद भी एसएचओ निलंबित नहीं हुआ तो वह खफा हो गए।

## भाजपा नेता किशन कपूर का निधन, कांगड़ा लोकसभा सीट पर बनाया था रिकॉर्ड; 5 बार विधायक भी रहे

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता किशन कुमार का 73 साल की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने शनिवार को पीजीआई चंडीगढ़ में अंतिम सांस ली। वह पांच बार विधायक और एक बार सांसद चुने गए थे। वह राज्य की भाजपा सरकारों में मंत्री भी रहे थे। उनके निधन पर सीएम सुक्खू और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला सहित राज्य भर के नेताओं ने दुख जताया है। उनके परिवार में पत्नी रेखा कपूर, एक बेटा और एक बेटी हैं। किशन कपूर 1970 में जनसंघ में शामिल हुए। वह 1990, 1993, 1998, 2007 और 2017 में हिमाचल विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 1998 से 2003 और 2007 से 2012 तक प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया और दिसंबर 2017 से मई 2019 तक जय राम ठाकुर के नेतृत्व वाली सरकार में भी कैबिनेट मंत्री के रूप में रहे। किशन कपूर 2019 में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से 4.77 लाख वोटों के रिकॉर्ड अंतर के साथ लोकसभा के लिए चुने गए, जो कुल मतदान का 72.2 प्रतिशत था। राज्य के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कपूर को एक समर्पित नेता बताया, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास किया। शुक्ला ने कहा कि राज्य की प्रगति में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में उनकी शक्ति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के विकास, खासकर धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के विकास में कपूर का योगदान बहुत बड़ा है। लोग इसे लंबे समय तक याद रखेंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।

## राहुल का भाजपा पर वार, बोले- अडानी-अंबानी जैसे लोगों का कर्ज माफ करते हैं मोदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली चुनाव को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सदर बाजार में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि आज बजट पेश किया गया, बजट का लक्ष्य 25 लोगों को फायदा पहुंचाना था। वो आपको थोड़ा देंगे, वो थोड़ा टैक्स माफ करेंगे लेकिन बजट का लक्ष्य अगर आप देखें तो भारत का पैसा 20-25 अरबपतियों तक पहुंचाना है। उन्होंने दावा किया कि भारत में, 50प्रतिशत पिछड़ा वर्ग हैं, 15प्रतिशत दलित हैं, 8प्रतिशत आदिवासी हैं, 15प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं और मान लीजिए, 5प्रतिशत गरीब, सामान्य वर्ग के लोग हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि निजी अस्पतालों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, बड़ी कंपनियों के मालिकों को देखो, बड़े न्यायाधीशों की सूची निकालो और मुझे बताओ कि पिछड़े वर्ग से कौन हैं, दलित कौन हैं, आदिवासी, अल्पसंख्यक कौन हैं, गरीब सामान्य वर्ग से कितने हैं, वे चुने हुए लोग हैं, वे उनके मित्र हैं। राहुल ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ नफरत-हिंसा है और दूसरी तरफ मोहब्बत-भाईचारा है। आरएसएस-बीजेपी के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं।

# कर्ज के जाल में फंसा किसानों की जमीन कॉरपोरेट को सौंपने की साजिशः राकेश टिकैत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए केंद्रीय बजट पर किसान नेताओं ने प्रतिक्रियाएं दी हैं। पंजाब सहित देश के अलग-अलग किसान संगठनों ने बजट के प्रावधानों पर अपनी राय जाहिर की और केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के ऐलान को लेकर किसान नेता राकेश टिकैत भड़क गए और केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि बजट में किसानों को कर्ज मुक्त करने का प्रावधान होना चाहिए था लेकिन सरकार ने दोबारा से कर्ज बढ़ाने की बात की है। राकेश टिकैत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि किसानों को कर्ज के जाल में फंसाकर उनकी जमीन कॉरपोरेट को सौंपने की साजिश है। टिकैत ने इस बजट को जनता बनाम कॉरपोरेट का बजट बताते हुए कहा कि सरकार ने पुराने बजट को नए सिरे से कॉरपोरेट के हवाले किया है।

**बजट केवल पूंजीवाद को बढ़ावा देने वाला :** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि बजट में किसानों को एक बार फिर से ठगा गया है। बजट केवल पूंजीवाद को बढ़ावा देने वाला है। बजट को बनाते वक्त केवल बड़े उद्योगपतियों और घरानों का ध्यान रखा गया है। किसानों की ना तो एमएसपी का ध्यान रखा गया है और ना ही कर्ज माफी को लेकर बजट में कोई प्रावधान है। ऐसे में किसानों को इस बजट से केवल



निराशा हुई है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है। टिकैत ने कहा कर्जा बढ़ने से बजट अच्छा नहीं होता है. कर्जे में राहत देने से बजट अच्छा होता है. आम लोगों को क्या राहत दी जा रही है इससे बजट के मायने निकलते हैं। उन्होंने कहा यह बजट न आम लोगों के लिए, न दुकानदारों के लिए और न किसानों के लिए अच्छा है।

**बजट पर टिकी थीं किसानों की निगाहें :** शंभू व खनौरी बॉर्डर पर पिछले एक वर्ष से आंदोलन कर रहे किसानों की निगाहें शनिवार को पेश होने वाले केंद्रीय बजट पर टिकी हुई थी। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने शुक्रवार शाम शंभु बॉर्डर पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि अगर मोदी सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है तो उसे बजट में किसानों के लिए बड़ी घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। पंढेर ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के मुद्दों पर गंभीर नहीं है। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सरकार को लगता है कि उनकी नीति सही है। अगर ऐसा है तो रुपया लगातार क्यों गिर रहा है और अपने सबसे निचले स्तर पर क्यों है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को चालू बजट सत्र में कृषि क्षेत्र की इन मांगों के लिए बजट में कोटा आरक्षित करना चाहिए था।

## केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखी चिट्ठी, कहा- आप कार्यकर्ताओं पर हमला कर रहे भाजपाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा हमला किया जा रहा है। इसे लेकर केजरीवाल ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में केजरीवाल ने कुछ मांगे भी रखी हैं। चिट्ठी में केजरीवाल ने लिखा कि नई दिल्ली विधानसभा में इंडिपेंडेंट इलेक्शन ऑब्जर्वर नियुक्त किए जाएं। चुनाव आयोग आम आदमी पार्टी के वॉलंटियर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करें। ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार पुलिस वालों को तुरंत सस्पेंड किया जाए। हमला करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। यहां बता दें कि आम आदमी पार्टी द्वारा एक फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया गया। इस पोस्ट के माध्यम से भाजपा पर आरोप लगाए गए। पोस्ट में लिखा गया कि भाजपा के गुंडे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रचार करने से रोकने के लिए लगातार जानलेवा हमला कर रहे हैं। पत्रकारों पर भी हमला



हो रहा है। भाजपा हिंसा के दम पर चुनाव जीतना चाहती है, लेकिन दिल्ली के लोग पढ़े-लिखे और समझदार हैं, वे झाड़ू का बटन दबाकर उन्हें बुरी तरह पराजित करेंगे। वहीं, एक वीडियो को रीट्वीट करते हुए अरविंद केजरीवाल ने लिखा, लीजिए। अमित शाह को गाना गाते हुए और नाचते हुए देश के युवाओं से भी डर लगने लगा है। जब किसी सत्ता को युवाओं से डर लगने लगे, तो ये इस बात के लक्षण होते हैं कि ये सत्ता के आखिरी दिन हैं। नई दिल्ली विधानसभा सीट जहां चौथी बार अरविंद केजरीवाल मैदान में हैं। इनके सामने भाजपा के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस से संदीप दीक्षित हैं। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## नक्सलवाद अंतिम सांस ले रहा है; बीजापुर में 8 नक्सलियों को ढेर करने पर सीएम विष्णु देव ने किया जवानों को सैल्यूट

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आज सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने मुठभेड़ में 8 नक्सलियों को मार गिराया है। इस घटना के बाद प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की पीठ थपथपाई है। सीएम ने कहा कि मैं इस बहादुरी के लिए उन्हें सलाम करता हूं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 21 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प पूरा होने वाला है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर में हुए नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच हुए एनकाउंटर पर कहा कि मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। मैं अपनी सेनाओं को उनकी बहादुरी के लिए सलाम करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का 21 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प पूरा होने वाला है।

## बजट में पूर्वोत्तर राज्यों के साथ बिहार का रखा गया ख्याल, विकास हमारी प्राथमिकता : जीतन राम मांझी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि बजट में कई प्रगतिशील कदम उठाए गए है, जिससे आम लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्वोत्तर की विशेष चिंता है। यहीं कारण है कि वह बिहार और सभी पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यह बजट उसी नीति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी का फोकस हमेशा इन क्षेत्रों के विकास पर रहा है। गरीबों और किसानों और मजदूरों के हित में उठाए गए कदम भी सराहनीय हैं। इस बजट में कई ऐसे प्रगतिशील कदम उठाए गए हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। आईटीआई का विशेष प्रबंध और मेडिकल छात्रों के लिए सीटों की बढ़ोतरी, ये दोनों शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार हैं। इस तरह की योजनाएं युवाओं को अधिक अवसर देने और उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार के लिए तैयार करने में मदद करेंगी। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस बजट के लिए धन्यवाद देता हूं। यह बजट देश के हर वर्ग के विकास पर केंद्रित है। वहीं, पंजाब सरकार के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आज पेश किए गए केंद्रीय बजट में पंजाब को कुछ नहीं मिला, बल्कि पंजाब को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पंजाब



मुख्य रूप से एक कृषि प्रधान राज्य है, फिर भी न तो इसके किसानों और न ही इसके उद्योगों पर कोई ध्यान दिया गया। पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है। हमारी सेनाओं को मजबूत करने या हमारे पुलिस स्टेशनों को अपग्रेड करने के लिए एक पैसा भी आवंटित नहीं किया गया, लेकिन पंजाब केंद्र से भीख नहीं मांगेगा, हम अपने आप में सुधार करेंगे और आगे बढ़ेंगे। आज का बजट यह दिखाता है कि केंद्र सरकार ने पंजाब की उपेक्षा की है। बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में टैक्स, किसान, महिला, एमएसएमई और शिक्षा के क्षेत्र के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं।

# छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में फैला बर्ड फ्लू, 17 हजार मुर्गियों-बटेरों को मारा; फार्म में इतने अंडे नष्ट

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में एवियन इन्फ्लूएंजा या बर्ड फ्लू का पता चलने के बाद कम से कम 17,000 मुर्गियों और बटेरों को मार दिया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे में सतर्कता बढ़ा दी है। एक आधिकारिक प्रेस रिलीज में बताया गया कि जिले के चक्रधर नगर स्थित पोल्ट्री फार्म में हाल ही में कुछ मुर्गियां मृत मिली थीं, जिसके बाद नमूनों को जांच के लिए भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनिमल डीसिसिस टेस्टिंग के लिए (एनआईएचएसएडी) भेजा गया था। रिलीज में कहा गया कि शुक्रवार रात को जांच में एच5एन1 वायरस की पुष्टि हुई, जिसके बाद रायगढ़ के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने स्थिति से निपटने के लिए रणनीति तैयार करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई।

एक अधिकारी ने बताया कि मानक प्रक्रिया के अनुसार, नगर निगम और पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने रातभर संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें 5,000 मुर्गियों और 12,000 बटेरों को मार दिया गया। इसके अलावा फार्म में मौजूद 17,000 अंडों और पोल्ट्री फीड को नष्ट कर दिया गया।



उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को सक्रिय कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सूर्योदय से पहले स्थिति पर नियंत्रण पा लिया जाए और संक्रमण उस क्षेत्र से बाहर न फैले। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिसर को सैनिटाइज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि प्रभावित पोल्ट्री फार्म को सील कर दिया गया है और फार्म के एक किलोमीटर के दायरे को संक्रमित क्षेत्र और 10 किलोमीटर के दायरे को निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रोटोकॉल के अनुसार, संक्रमित क्षेत्र के अंदर पक्षियों, अंडों और पोल्ट्री फीड को नष्ट कर दिया जाएगा और उनकी आवाजाही पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। इसके लिए पशुपालन विभाग पोल्ट्री पक्षियों के मालिकों को मुआवजा देगा। बयान में कहा गया है कि निगरानी क्षेत्र में पोल्ट्री और अंडे की दुकानें बंद रहेंगी।

अधिकारियों ने पुष्टि की है कि बर्ड फ्लू के प्रकोप के कारण कोई भी मानव आबादी प्रभावित नहीं हुई है। रायगढ़ स्वास्थ्य विभाग के डॉ. भानु पटेल ने कहा कि बर्ड फ्लू वायरस मुख्य रूप से पक्षियों और जानवरों में फैलता है। इंसानों में संक्रमण फैलने का कोई मामला सामने नहीं आया है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि लोगों को संक्रमण के लक्षणों और जोखिमों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से बुखार जैसे लक्षणों के प्रति सतर्क रहने और समय पर इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाने का आग्रह किया।



# एसए-20 ईस्टर्न केप ने पार्ल रॉयल्स को हराया

## जॉर्डन हरमन का अर्धशतक, यानसन और ओवरटन ने 3-3 विकेट लिए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने खेले गए एसए 20 के 28वें मैच में पार्ल रॉयल्स को 48 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ईस्टर्न केप ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। जवाब में पार्ल रॉयल्स 18.2 ओवर में 100 रन पर सिमट गई।

**जॉर्डन हरमन ने 38 बॉल पर 53 रन बनाए** - ईस्टर्न केप ने 148 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए जॉर्डन हरमन ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 बॉल पर 53 रन की पारी खेली। उनके अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 43 रन का अहम योगदान दिया। पार्ल रॉयल्स के लिए ब्योर्न फोर्टुइन, मिचेल ओवेन और ईशान मलिंगा ने 2-2 विकेट लिए। दुनिथ वेल्लालेज को एक विकेट मिला।

### रॉयल्स के 8 खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके

149 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पार्ल रॉयल्स के लिए रुबिन हरमन ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए।एंडिले फेहलुकवायो ने 22 और मुजीब उर रहमान ने 11 रन बनाए। इन तीन खिलाड़ियों के अलावा टीम का कोई और बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। ईस्टर्न केप के लिए मार्को यानसन और क्रेग ओवरटन ने 3-3 विकेट झटके। ऐडन मार्करम ने 2 विकेट लिए। लियाम डावसन और रिचर्ड ग्लीसन को 1-1 विकेट मिला।

- **टूर्नामेंट के प्लेऑफ तीन स्थानों पर होंगे** - ग्रुप स्टेज के बाद टॉप-2 टीमें क्वालिफायर-1 खेलेंगी। इस मैच को जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। यह मुकाबला सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाएगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मुकाबला होगा। इस एलिमिनेटर मुकाबले को जीतने वाली टीम क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम से क्वालिफायर-2 में भिड़ेगी। यह दोनों मैच सेंचुरियन में खेले जाएंगे।
- **एसए-20 के शुरुआती दोनों सीजन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने जीते** - इस लीग के शुरुआती दोनों सीजन ऐडन मार्करम की कप्तानी वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम ने जीते हैं। पहले सीजन में ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता था। जबकि पिछले सीजन टीम ने डरबन सुपर जायंट्स को फाइनल में मात देकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी उठाई।

# 'मां-पापा मैं ट्रॉफी के साथ घर नहीं आउंगी'

## फाइनल में हार से निराश दक्षिण अफीका की कप्तान रेनेके

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप फाइनल में यहां हार की निराशा के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कायला रेनेके ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व किया करते हुए 2027 में मजबूत वापसी का भरोसा जताया।



रेनेके ने कहा, 'टीम के खिलाड़ी अभी कई तरह की भावनाओं से गुजर रहे है, लेकिन मैं इस टीम और प्रबंधन को श्रेय देना चाहूंगी। हमने इस क्षण के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है।

भारत ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफीका को नौ विकेट से रौंदकर लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया। टीम ने 83 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंद शेष रहते प्रभावशाली जीत दर्ज की। गोंगाडी त्रिशा 33 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि सानिका चाल्के ने भी 22 गेंद में नाबाद 26 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 48 रन की अटूट साझेदारी भी की।

उन्होंने कहा, 'यहां तक आने के बाद ट्रॉफी के बिना घर जाना मुश्किल है लेकिन हमारे लिए पहली बार फाइनल में पहुंचना गर्व का क्षण है, यह विशेष है। यह हमारे लिए 2027 में और मजबूती से वापसी करने की प्रेरणा है। मां, पापा, मैं ट्रॉफी के साथ घर नहीं आउंगी लेकिन मेरे पास पदक है।

इस विश्व कप में 309 रन और सात विकेट के लिए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुनी गईं त्रिशा ने इस पुरस्कार अपने पिता को समर्पित किया। उन्होंने कहा, 'मैं इसे अपने पिता को समर्पित करना चाहूंगी, जो यहां हैं। मैं हमेशा खुद को एक ऑलराउंडर मानती हूं। मेरा लक्ष्य देश के लिए खेलना और अधिक मैच जीतना है।

# दुबे और राणा के बीच कुछ भी समान नहीं था

## गावस्कर ने कन्कशन नियम को बताया सबसे खराब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि पुणे में चौथे टी20 मैच के दौरान शिवम दुबे की जगह हर्षित राणा को कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पर शामिल किए जाने के मामले में कुछ भी समान नहीं था। उन्होंने कहा कि इससे मेजबान टीम की जीत की चमक फीकी पड़ गई। दुबे एक ऑलराउंडर हैं, लेकिन उनकी जगह हर्षित को शामिल किया गया जो मुख्य रूप से तेज गेंदबाज हैं। अंतिम ओवर में बल्लेबाजी करते समय उन्हें कन्कशन हुआ था, जिसमें जैमी ओवरटन की गेंद उनके हेलमेट पर लगी थी।

अपने टी20 डेब्यू मैच में राणा ने चार ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए और भारत को 182 रन का बचाव करने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने मैच 15 रन से जीता और सीरीज में अजेय बढ़त हासिल की। ??इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भी दुबे-राणा की अदला-बदली पर असंतोष जताया। पुणे के खेल में हेलमेट पर चोट लगने के बाद भी दुबे ने अंत तक बल्लेबाजी की, इसलिए स्पष्ट रूप से उन्हें चोट नहीं लगी। इसलिए, चोट के कारण विकल्प की अनुमति देना ही सही नहीं था। हां, अगर बल्लेबाजी करते समय उनकी मांसपेशियों में खिंचाव होता तो विकल्प हो सकता था, लेकिन वह केवल फील्डिंग के लिए होता और वह गेंदबाजी नहीं कर सकते थे।

गावस्कर ने कहा, हार्दिक पांड्या और दुबे के बीच साझेदारी के साथ एक गंभीर स्थिति से उबरकर मैच जीतने वाले स्कोर तक पहुंचना दिखाता है कि यह टीम कभी हार नहीं मानती और अंत तक लड़ती रहती है। अगर राणा ने तीन विकेट नहीं लिए होते और इंग्लैंड जीत जाता, तो प्रतिस्थापन गलत था और इसकी अनुमति कभी नहीं दी जानी चाहिए थी। इसने जीत की चमक को फीका कर दिया है और भारत को मुंबई में जीतना चाहिए ताकि यह दिखाया जा सके कि वे वास्तव में बेहतर टीम हैं। आईसीसी के पुरुष टी-20 खेलने के दिशा-निर्देशों के नियम 1.2.7 में कहा गया है, आईसीसी मैच रेफरी को आम तौर पर कन्कशन रिप्लेसमेंट अनुरोध को मंजूरी देनी चाहिए, अगर प्रतिस्थापन एक समान खिलाड़ी है जिसके शामिल होने से मैच के बाकी बचे समय में उसकी/उसकी टीम को ज़्यादा फायदा नहीं होगा। उप-अनुभाग, 1.2.7.4 और 1.2.7.5, आगे कहते हैं, यह आकलन करने में कि क्या नामित कन्कशन रिप्लेसमेंट को समान खिलाड़ी माना जाना चाहिए, आईसीसी मैच रेफरी को इस बात पर विचार करना चाहिए कि मैच के शेष समय में कन्कशन वाले खिलाड़ी की संभावित भूमिका क्या होगी, और नामित कन्कशन रिप्लेसमेंट द्वारा निभाई जाने वाली सामान्य भूमिका क्या होगी। यदि आईसीसी मैच रेफरी का मानना ??है कि नामित कन्कशन रिप्लेसमेंट को शामिल करने से टीम को अत्यधिक लाभ होगा, तो आईसीसी मैच रेफरी कन्कशन रिप्लेसमेंट की पहचान और भागीदारी पर ऐसी शर्तें लगा सकता है ।

### भारतीय महिला अंडर-19 टीम

# लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन बनीं भारत की बेटियां, साउथ अफ्रीका का टूटा सपना

## गोंगाडा रहीं फाइनल मैच में भारतीय महिला टीम की असली चैंपियन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने साउथ अफ्रीका को मात देकर लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय महिला टीम के गेंदबाजों ने फाइनल मैच में कमाल का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन की वजह से साउथ अफ्रीकी टीम 82 रन पर सिमट गई। टॉस जीतकर पहले साउथ अफ्रीका ने बैटिंग चुनी थी, लेकिन ये फैसला उनके पक्ष में नहीं गया। मैच में निर्धारित 20 ओवर में साउथ अफ्रीका की टीम ने 82 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में भारतीय महिला टीम ने 11.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर खिताब जीता। निकी की अगुआई वाली टीम ने सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया। दरअसल, भारतीय महिला टीम ने आईसीसी महिला अंडर 19- टी-20 2025 में वेस्टइंडीज को (9 विकेट), मलेशिया (10 विकेट), श्रीलंका (60) रन, बांग्लादेश (8 विकेट), स्कॉटलैंड (150 रन) और इंग्लैंड (सेमीफाइनल में 9 विकेट) पर आसान जीत दर्ज की। इस जीत के बाद भारतीय महिला टीम ने फाइनल में एंट्री की थी। फाइनल मैच में भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन कमाल का रहा। भारतीय महिला टीम की ओपनर गोंगाडी त्रिशा का कमाल का प्रदर्शन रहा। उन्होंने मैच में 33 रन बनाते ही एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम भी किया। वह महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली प्लेयर बन गई। इस दौरान उन्होंने श्वेता सहरावत का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जो उन्होंने साल 2023 में अंडर-19 टी20 विश्व कप में बनाया था। उन्होंने 7 पारियों में उस दौरान 99 की औसत से 297 रन बनाए थे। आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत साल 2023 में हुई थी और पहले ही संस्करण में टीम इंडिया ने ये खिताब जीता था। उस वक्त भारतीय टीम की कप्तान शेफाली वर्मा थी और भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को 7 विकेट से रौंदा था। अब दो साल बाद 2025 अंडर-19 टी20 विश्व कप में निकी प्रसाद की कप्तानी में टीम इंडिया दूसरी बार विश्व चैंपियन बन गई है।



- **भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन** - आईसीसी अंडर- 19 महिला टी20 विश्व कप 2025 के फाइनल मैच में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच में टॉस जीतकर साउथ अफीका की टीम ने बैटिंग चुनी थी। इस तरह पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफीका की टीम शुरुआत से ही बिखरी हुई नजर आई। भारतीय महिला गेंदबाजों ने अफीकी बैटर्स पर कहर बरपाया और गोंगाडी ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए। उनके अलावा आयुषी-वैष्णवी और पारुनिका को दो-दो सफलता मिली। शबनम ने एक विकेट लिया इस तरह साउथ अफीका की टीम 82 रन ही बना सकी। 83 रन का पीछा करते हुए भारतीय महिला टीम ने गोंगाडा त्रिशा (44*) और सानिका (26*) रन की मदद से 11.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

# बीसीसीआई ने तेंदुलकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने शनिवार को खिलाड़ियों को 2नमन अवॉर्ड्स3 दिए। इस दौरान सचिन तेंदुलकर को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। मुंबई में बीसीसीआई के हेडक्वार्टर में अवॉर्ड सेरेमनी हुई।

रविचंद्रन अश्विन को स्पेशल अवॉर्ड मिला, वहीं जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को बेस्ट क्रिकेटर का अवॉर्ड मिला। सरफराज खान को बेस्ट मेंस डेब्यू और आशा शोभना को बेस्ट विमेंस डेब्यू का अवॉर्ड मिला। विमेंस क्रिकेट में मंधाना बेस्ट बैटर और दीप्ति शर्मा बेस्ट बॉलर रहीं। घरेलू क्रिकेट में शशांक सिंह को बेस्ट व्हाइट बॉल ऑलराउंडर और तनुष कोटियान को बेस्ट रेड बॉल ऑलराउंडर का अवॉर्ड दिया गया।



**सचिन बोले- 2 साल बगैर स्पॉन्सर के खेला** - सचिन ने कहा, इस सम्मान के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद। बोर्ड ने हमेशा अपने प्लेयर्स को सपोर्ट किया है। 1989 में मैं 16 साल का था, आज अश्विन ने मुझे 'सर सचिन' कहा तो मुझे अपनी उम्र का एहसास हुआ। शुरुआती मैच में कपिल पाजी ने मुझे लेट नहीं होने के लिए कहा था। तब से मैं अपनी घड़ी को 7-8 मिनट आगे कर के रखता हूं, ताकि कहीं भी लेट न जाऊं। उनका लेसन हमेशा याद रहेगा।

2 साल तक मैंने बगैर बैट स्पॉन्सर के काम क्रिकेट खेला, क्योंकि तब तम्बाकू कंपनियां स्पॉन्सरशिप ऑफर कर रही थीं। तब पापा ने कहा था कि भले ही बिना कॉन्ट्रैक्ट के खेलो, लेकिन खराब कंपनियों को अपने साथ न जोड़ो। तब से मैंने किसी भी तम्बाकू कंपनी की स्पॉन्सरशिप नहीं ली। अपनी सारी खुशियों को अपने पिता और अपने परिवार के साथ शेयर जरूर किया है।

**सचिन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड** - 2011 वनडे वर्ल्ड कप में भारत के टॉप रन स्कोरर रहे सचिन तेंदुलकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। उन्होंने देश के लिए 100 इंटरनेशनल सेंचुरी लगाईं। उनके नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी है।

**वर्ल्ड कप विनिंग मेंबर्स को स्पेशल गिफ्ट** - 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले प्लेयर्स को सेरेमनी में स्पेशल गिफ्ट दिया गया। यहां रोहित बोले- जब तक हम मुंबई नहीं पहुंचे तब तक मुझे एहसास नहीं हुआ कि वर्ल्ड कप जीतने पर लोग कैसा महसूस करते हैं। हम बारबाडोस में कुछ दिन फंसे हुए थे। मुंबई पहुंचने के अगले दिन जब मेरी नींद खुली, तब मुझे एहसास हुआ कि यह कितना स्पेशल था।

**अश्विन ने कहा- सचिन के साथ खेलना मेरा सौभाग्य** - अश्विन ने अवॉर्ड मिलने के बाद कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि ग्रेट सचिन तेंदुलकर के साथ खेल सकूंगा। चेन्नई के एक मिडिल क्लास लड़के के लिए सचिन सर के साथ खेलना बहुत बड़ी बात थी। क्रिकेटर के रूप में मेरा सफर खुद को इम्प्रूव करने का ही रहा।

मुझे मैदान पर रहना पसंद है, मैं इस गेम को किसी भी तरह नहीं छोड़ सकता। आईपीएल आने वाला है, मैंने उसके लिए तैयारी करना शुरू कर दी है। मैंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया है, लेकिन मेरा मन कभी क्रिकेट से दूर नहीं रह सकता।

**अश्विन को स्पेशल अवॉर्ड**- 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन को बीसीसीआई ने स्पेशल अवॉर्ड दिया। वे टेस्ट में भारत के दूसरे टॉप विकेट टेकर रहे।

**बुमराह को पॉली उमरीगर अवॉर्ड**- जसप्रीत बुमराह को ओसीसी ने 2024 में बेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेटर और बेस्ट टेस्ट क्रिकेटर का अवॉर्ड दिया। अब बीसीसीआई ने भी उन्हें अपना बेस्ट इंटरनेशल क्रिकेटर माना। बुमराह ने 2024 में 86 इंटरनेशनल विकेट लिए।

**मंधाना बेस्ट विमेंस क्रिकेटर** - स्मृति मंधाना को बेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेटर का अवॉर्ड मिला। उन्होंने चौथी बार इस अवॉर्ड को अपने नाम किया।

**सरफराज खान को बेस्ट डेब्यू का अवॉर्ड**

**आशा शोभना को बेस्ट विमेंस डेब्यू अवॉर्ड**

**मंधाना बेस्ट वनडे बैटर**

**दीप्ति शर्मा बेस्ट वनडे बॉलर**

**जेमिमा ने पैरेंट्स के लिए गाना गाया** - रोहित शर्मा ने जेमिमा रोड्रिग्ज से सवाल किए। जेमिमा ने अपने पैरेंट्स के लिए 'तेनु संग रखना' गाना गाया। उन्होंने कहा, मुझे गिटार बजाना पसंद है। भारत में विमेंस क्रिकेट जिस तरह से ग्रो कर रहा है, मुझे यह पसंद है।

**रोहित बोले- मुंबई की पानी-पुरी पसंद** - स्मृति मंधाना ने रोहित शर्मा से सवाल किए। रोहित ने कहा, मुझे बेटी को स्कूल ले जाना पसंद है। बेटी के साथ दादी के घर जाना पसंद है। समायरा वहां जाकर खुश रहती है। मुझे जंगल सफारी करना पसंद है। साथी प्लेयर्स को मेरे भूलने की आदत पसंद नहीं है। मुझे घर का खाना पसंद है, विदेश जाने पर मुझे इसी खाने की बहुत ज्यादा याद आती है। स्ट्रीट फूड में सेवपुरी, पानीपुरी पसंद है।

**मंधाना बोलीं- मुझे पंजाबी गाने नहीं पसंद** - हार्दिक पंड्या ने स्मृति मंधाना से सवाल किए। मंधाना ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मेरा फैशन सेंस बहुत अच्छा है। क्योंकि मैं कई बार शॉर्ट्स में ही घूमने निकल जाती हूं। जेमिमा ही मेरी फैशन इंस्पिरेशन हैं। मुझे वही गाने पसंद आते हैं, जिसमें प्यार या इमोशन होते हैं। इसलिए ज्यादातर प्लेयर्स इसे पसंद नहीं करते। पंजाबी गाने मुझे कुछ खास पसंद नहीं है।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड को 6 पदक

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में चल रहे हैं 38वें नेशनल गेम में देशभर के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तक हुए खेलों में महाराष्ट्र 32 पदक जीतकर नंबर वन है। जिसने 7 स्वर्ण, 16 रजत और 9 कांस्य पदक जीते हैं। इस तरह दूसरे नंबर पर मणिपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जिन्होंने सबसे ज्यादा 9 स्वर्ण पदक, 7 रजत और तीन कांस्य पदक समेत कुल 19 मेडल जीते हैं। जबकि कर्नाटक में भी 9 स्वर्ण पदक जीतकर कुल 17 मेडल जीते हैं। जबकि उत्तराखंड 6 मेडल के साथ सबसे निचले पायदान पर है जिसे कुल एक स्वर्ण पदक जीता है।

**वूशु में उत्तराखंड ने रजत के कांस्य जीता** - तीसरे दिन वुशु प्रतियोगिता में देशभर के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी वूशु प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर दो और पदक हासिल किए। उत्तराखंड के हर्षित शर्मा ने रजत पदक और अंकित ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

# लीजेंड-90 लीग 6 फरवरी से रायपुर में शुरू होगी

## ओपनिंग मैच में रैना और धवन आमने-सामने, 7 टीमें खेलेंगी टूर्नामेंट

**रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में लीजेंड-90 लीग की शुरुआत 6 फरवरी से होने जा रही है। ब्लॉकबस्टर टूर्नामेंट की शुरुआत छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल्स के बीच मुकाबले से होगी। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन इस मुकाबले में शामिल होंगे। टूर्नामेंट की खास बात यह है कि इसमें 90 बॉल की एक पारी होगी। 7 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 7 फरवरी -से टूर्नामेंट में हर दिन 2 मैच खेले जाएंगे। 17 फरवरी को



क्वालिफायर मैच होंगे। वहीं 18 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा। 7 फरवरी को राजस्थान किंग्स और दुबई जायंट्स के बीच पहला मैच होगा। वहीं गुजरात सैंपआर्मी और बिग बॉयज के बीच दूसरा मैच खेला जाएगा।

### क्या बोले टूर्नामेंट के डायरेक्टर

कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए लीजेंड 90 लीग के डायरेक्टर शिवेन शर्मा ने कहा, सुरेश रैना, शिखर धवन, हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ियों को एक बार फिर मैदान पर देखना रोमांचित करने वाला है। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि पूर्व दिग्गजों से जुड़ी उन यादों को दोबारा जिंदा करने का मंच है, जिस पर दर्शक कभी तालियां बजाया करते थे। निश्चित तौर पर यह सभी के लिए अनोखे प्रारुप वाला टूर्नामेंट होगा।

### सभी टीमें और खिलाड़ी

**दुबई जायंट्स** - शाकिब अल हसन, थिसारा परेरा, केनर लुईस, केविन ओ ब्रायन, ब्रेंडन टेलर, लियाम प्लंकेट, ड्वेन स्मिथ, एच मसाकद्ज़ा, रिचर्ड लेवी, ल्यूक फ्लेचर, राहुल यादव, क्रिस्टोफर एम, सिड त्रिवेदी, एस प्रसन्ना

**छत्तीसगढ़ वारियर्स**- सिद्धार्थ कौल, शेल्डन जैक्सन, पवन नेगी, केविन कूपर, सुरेश रैना, विशाल कुशवाहा, मार्टिन गुप्टिल, अभिषेक सकूजा, अंबाती रायुडु, अमित वर्मा, गुरकीरत सिंह मान, अमित मिश्रा, ऋषि धवन, कलीम खान, उन्मुक्त चंद, मनोज सिंह, अभिमन्यु मिथुन, कॉलिन डी ग्रैंडहोम।

**हरियाणा ग्लेडिएटर्स**- पवन सुयाल, प्रवीण गुप्ता, अबू नीशम, अनुरीत सिंह, इमरान खान, असेला गुनारत्ने, इशांक जग्गी, हरभजन सिंह, नागेंद्र चौधरी, रिक्की क्लार्क, पीटर ट्रेगो, चाडविक वाल्टन, मनन शर्मा।

**गुजरात सैंप आर्मी**- युसुफ पठान, मोइनी अली, ओबस पिएनार, सौरभ तिवारी, केसरिक विलियम्स, जेसल करिया, मिगुएल कमिंस, चंद्रपॉल हेमराज, शापूर ज़ाद्रान, मोहम्मद अशरफुल, विलियम पर्किन्स, नवीन स्टीवर्ट, अभिषेक, चतुरंगा डी सिल्वा, मौसिफ खान।

**बिग बॉयज** - मैट प्रायर, इशान मल्होत्रा, मोनू कुमार, चिराग गांधी, तमीम इकबाल, तिलकरत्ने दिलशान, हर्शेल गिब्स, उपल थरंगा, अब्दुर रज्जाक, शैनन गेब्रियल, वरुण आरोन, नील ब्रूम, करमवीर सिंह, रॉबिन बिस्ट, नमन शर्मा, कपिल राणा, विनोद चांवरिया।

**दिल्ली रॉयल्स**- शिखर धवन, लेंडल सिमन्स, दनुश्का गनथिलका, एंजेलो परेरा, सहरद लुम्बा, बिपुल शर्मा, लखविंदर सिंह, राजविंदर सिंह, रयाद इमरीत, रॉस टेलर, जेरोम टेलर, सुमित नरवाल, परविंदर अवाना।

**राजस्थान किंग्स**- ड्वेन ब्रावो, अंकी राजपूत, फिल मस्टर्ड, शाहबाज़ नदीम, फैज़ फज़ल, शादाब जकाती, जसकरन मल्होत्रा, इमरान ताहिर, जयकिशन कोलसावला, राजेश बिश्नोई, कोरी एंडरसन, पंकज राव, शमीउल्लाह शिनवारी, रजत सिंह, एशले नर्स, दवलत जादरान, मनप्रीत गोनी।

# जेके सीमेंट कंपनी में हुए हादसे को लेकर कांग्रेस पार्टी नें अमानगंज में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## सिमरिया के मृतक रोहित खरे के परिवार को दस हजार की दी सहायता राशि



**पन्ना।** बीते तीस जनवरी को सिमरिया तहसील अन्तर्गत पुरैना मे स्थित जेके सीमेंट कंपनी की पांचवी मंजिल बनाते हुए स्लोप छत ढह गई, जिसमें काम कर रहे मजदूर नीचे गिरे तथा चार लोगो की मौत हो गई, एवं दो दर्जन मजदूर बुरी तरह घायल हो गये, जिनका ईलाज कटनी स्थित निजी चिकित्सालयों में चल रहा है, उक्त बड़ी लापरवाही को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के नेत्रत्व मे महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार अमानगंज को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजा पटैरिया, तथा पूर्व विधायक एवं पन्ना जिला प्रवारी श्रीमती कल्पना वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रही। ज्ञापन में जिन बिन्दुओ को शामिल किया गया है, उसमे प्रमुख रूप से कर्मचारीयों का पूरा डाटा उपलब्ध कराये, एवं पीड़ित म्रतक परिवारो को 50 लाख तथा घायल परिवारो को 25 लाख रूपये सहायता राशि दिये जाने की मांग की गई है, साथ ही म्रतको के परिवार के सदस्यो को नोकरी दिलाये जाने की भी मांग की गई है। एवं मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर जिम्मेवारो पर कठोर कार्यवाही किये जाने का अनुरोध कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया है। इस दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा अमानगंज ब्लाक मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए तहसील तक रैली निकाली तथा भाजपा सरकार, सांसद वीडी शर्मा, कलेक्टर पन्ना एवं जेके सेम प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई है। उक्त प्रदर्शन में भारी संख्या में कांग्रसे पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत, पन्ना अक्षय तिवारी, देवेन्द्र नगर आनन्द शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमानगंज सौरभ दुबे, जीवन लाल सिद्धार्थ, रावेन्द्र सिंह मुन्ना राजा, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हक्कून दहायत, डॉक्टर कदीर खान, भगवत सिंह, वैभव थापक, रेहान मोहम्मद, सेवा लाल पटेल, राम बहादुर द्विवेदी, राजबहादुर पटेल, संजय पटेल, विजय सिंह, राम करण पान्डेय, कमल राजपूत, अंकित शर्मा, जीतेन्द्र जाटव, सौरभ पटैरिया, श्रवण तिवारी, धूराम चौधरी, शनि राजा, केशरी अहिरवार, फोई लाल चौधरी, सुन्दरम गर्ग, भगवत सिंह, कामता नगायच, विजय सिंह, संजय तिवारी, सरदार यादव, बाल गोविन्द शर्मा, अनीश खान, वीरेन्द्र गर्ग, नीरज खरे, मोहित यादव, संतोष, पुष्पेन्द्र सोनी, कन्हैया ताम्रकार, दिनेश पान्डेय, राम नारायण अग्नित्री, कुलदीप सिंह, अवधेश प्रताप, सुरेन्द्र तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, चन्द्रभान, बृजेन्द्र सिंह बुन्देला, रामलाल, भगवत राजा, उमेश गुप्ता, राम मिलन चौधरी, बाल गोविन्द पटेल, रूपेन्द्र द्विवेदी, ओमप्रकाश अहिरवार, मनोज पान्डेय,ख् पुष्पेन्द्र सोनी, वसीम खान, दीपक तिवारी, श्रजल ताम्रकार, मोहित यादव, अनुज श्रीवास सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन के पश्चात् कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वंय के सहयोग से म्रतक रोहित खरे, के परिवार को दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता देते हुए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## शिक्षक शंकर दयाल मिश्रा हुए सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई



**पन्ना।** उत्तर माध्यमिक विद्यालय गंज में पदस्थ रहें शंकर दयाल मिश्रा सेवा निवृत्त हो गयें है। उन्हे विद्यालय के स्टाप तथा ग्रामवासीयों ने कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। उनकी विदाई समारोह बड़े ही धूम धाम के साथ ढोल नागाड़ो के साथ दी गई। श्री मिश्रा जो कि दुरेहा ग्राम के मूल निवासी है इनका अधिकतर कार्य काल गंज एवं भटिया की शैक्षणिक शालाओं में व्यतीत हुआ शंकर दयाल मिश्रा गणित एवं अंग्रेजी विषयो के शिक्षक थें, उनके द्वारा बड़े ही लगन से छात्र छात्राओं का अध्यापन कार्य कराया जाता था। विदाई समारोह में ग्राम पंचायत गंज की सरपंच श्रीमती कल्पना शर्मा बृजवासी शर्मा शिक्षक शाला के समस्त स्टाफ सहित सैकड़ो जनमानस उपस्थित रहें।

# आबकारी विभाग ने पकड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब, एक आरोपी गिरफ्तार



**पन्ना।** पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पन्ना संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में आबकारी टीम ने ग्राम बड़ी गुखोर में एक आरोपी के कब्जे से 350 पाव देशी शराब प्लेन और 20 लीटर हाथभट्टी महुये की कच्ची शराब अनुमानित कीमत 27,500 रुपये जप्त की गयी। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि विश्वस्त सूचक से सूचना प्राप्त हुई थी, कि ग्राम बड़ी गुखोर में एक व्यक्ति अपने घर के पीछे बाड़े में भारी मात्रा में अवैध शराब छुपाकर रखे है। सूचना की पुष्टि करने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गयी और उनके निर्देश पर आबकारी वृत्त पन्ना के स्टाफ द्वारा ग्राम गुखोर थाना देवेन्द्र नगर में आरोपी जयकुमार कुशवाहा पिता स्वर्गीय रामकुमार कुशवाहा उम्र 38 वर्ष के रिहायशी मकान सह दुकान और उससे लगे परिसर की विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान आरोपी के खेत से लगे बाड़े में धान की पयार के ढ़ेर में छुपाकर 7 कागज के कार्टून में 350 पाव देशी शराब प्लेन कुल मात्रा 63 बल्क लीटर कीमती 24,500 रुपये और दो प्लास्टिक के डिब्बों में लगभग 20 लीटर हाथभट्टी महुये की कच्ची शराब बरामद की गयी। आरोपी से उक्त शराब के संबंध कोई वैध परमिट या लायसेंस के बारे में पूछा तो आरोपी ने कोई परमिट या लायसेंस न होना बताया। 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने से मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) एवं 49 (क) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहाँ से आरोपी को जिला जेल पन्ना भेज दिया गया। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी के विरुद्ध न केवल पुलिस थाना देवेन्द्र नगर बल्कि सिंहपुर वन परिक्षेत्र जिला सतना, सिटी कोतवाली आजमगढ़ (उप्र), हाजीपुर, दानापुर और बक्सर (बिहार), बराकर जिला पश्चिमी वर्द्धमान (पश्चिम बंगाल) में पहले से ही कई प्रकरण दर्ज है। इस कार्यवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में आबकारी आरक्षक देवधर शर्मा, सोनू कोरकू, रवि प्रकाश मिश्रा, महिला नगर सैनिक कौशल्या बाई, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटुलाल और सोहेल खान शामिल रहे।

# सुधीर अग्रवाल वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष बनें



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश वेयर हाउस लॉजिस्टिंग कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन सुधीर अग्रवाल को वैश्य महासम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। यह महत्वपूर्ण घोषणा महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष रहें उमाशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। सुधीर अग्रवाल को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने से न केवल संगठन में नया उत्साह आया है, बल्कि समाज के हर वर्ग में एक सकारात्मक माहौल भी बना है। अपने नए दायित्व को स्वीकार करते हुए सुधीर अग्रवाल ने कहा, पद कोई मायने नहीं रखता, कार्य मायने रखता है। मेरी समाज का हर बच्चा, हर व्यक्ति, हर सदस्य मेरे लिए प्रदेश अध्यक्ष के बराबर है। सभी का सम्मान और ताकत एक जैसी है। हम सभी मिलकर काम करेंगे और समाज की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा से अपना कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि, हमारा उद्देश्य संगठन को और मजबूत करना है, इसके लिए हमारी परस्पर संपर्क और संवाद जितना ज्यादा होगा, संगठन का विस्तार उतना ही होगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्हें पन्ना जिले के जिला अध्यक्ष मनोज केशरवानी, महामंत्री विनोद गुप्ता, तहसील अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन, नगर अध्यक्ष अर्जुन अग्रवाल, महिला इकाई तहसील अध्यक्ष श्रीमती पारुल जैन, युवा इकाई के तहसील अध्यक्ष ललित गुप्ता और युवा इकाई नगर अध्यक्ष पुनीत जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।

# शैक्षणिक अनुकूलन प्रकरण पर सतत् पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का समापन



**पन्ना।** श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में दिव्यांग के क्षेत्र में सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी से 31 जनवरी 2025 के बीच किया गया। उक्त कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया, समापन समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामबली सिंह सेंगर (संचालन ज्ञानांजलि शिक्षण संस्थान पन्ना) एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश प्रताप सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सुश्री प्रतिभा वर्मा, रिसोर्स पर्सन नीलेश कुमार, आलोक कुमार, श्रीमती स्वाति सिंह एवं रूपेंद्र कुमार पटेल द्वारा विचार प्रस्तुत किए गए। दिनेश प्रताप सिंह द्वारा सतत पुनर्वास शिक्षा का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि सतत पुनर्वास शिक्षा के क्षेत्र में शासन द्वारा बहुत सारी योजनाएं एवं महाविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान के रूप में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है सतत पुनर्वास शिक्षा का उद्देश्य निम्न प्रकार से है बुनियादी साक्षरता और प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर चुके सभी व्यक्तियों को आजीवन शिक्षा के लिए अवसर प्रदान करना सतत शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र में छूट गए निरीक्षण व्यक्तियों को साक्षर बनाने के लिए इस प्रक्रिया पर निरंतर बल दिया जा रहा है नए ज्ञान का अर्जन जैसे विशेष शिक्षा में क्या-क्या बदलाव किए गए हैं शिक्षा में नया ज्ञान और विशेष बदलाव की जानकारी के लिए विशेष शिक्षा में जोड़े गए नए पाठ्यक्रमों की जानकारी भी दी गई समय-समय पर शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नए-नए परिवर्तनों से जोड़ना और वर्तमान शिक्षा की नई नीतियों से जोड़ना नई शिक्षा में किए गए संशोधनों से अवगत कराना इत्यादि। कार्यक्रम को संचालित करने के लिए विशेष शिक्षा से संबंधित विशेष अधिकारियों को आमंत्रित किया जाता है इस कार्यक्रम के पूरा होने के उपरांत विशेष शिक्षकों को कुछ अंक भी दिए जाते हैं और प्रमाण पत्र दिया जाता है कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन नीलेश कुमार द्वारा सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम के समापन पर सभी को संबोधित करते हुए बताया गया कि सतत पुनर्वास शिक्षा के क्षेत्र में बहुआयामी शैक्षिक विकास धारा का स्रोत है।

# भगवान की भक्ति से बढ़कर कोई सुख सम्पदा नहीं: महाराज



**पन्ना।** पन्ना शहर के सेवानिवरत प्रो डॉ वीरेन्द्र कुमार दीक्षित के निवास स्थान पर चल रही संगीतमय भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास श्री भरत जी महाराज ने कहा की भागवत कथा श्रवण करने वालों के पाप कट जाते हैं। तथा मनुष्यक का कल्याण, होता है। लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा लगा रहता है, कथा वाचक व्यास जी नें कहा की प्रभु की भक्ति से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं है। कथा मे कुंती देवी के चरित्र, उत्तरा चरित्र, परीक्षित चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र का विस्तार से वर्णन किया गया, जिसको सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गये। भागवत कथा श्रवण करने वालों का भी सदैव कल्याण होता है। भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है, भागवत उसका सदैव कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि बिना जाति और बिना मजहब देखे इनसे आप जो मांगे ये आपको वो मनवांछित फल देती है और अगर कोई कुछ न मांगे तो उसे मोक्ष परियन्त तक की यात्रा कराती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के मुख्य श्रोता डॉ वीरेंद्र कुमार दीक्षित एवं धर्मपत्नी श्रीमती साधना दीक्षित है।

## मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला 5 फरवरी को

**पन्ना।** एमडीए कार्यक्रम अंतर्गत आगामी 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार, 5 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग के आईपीडीपी सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे से मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने समस्त मीडिया प्रतिनिधियों से कार्यशाला में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## प्रयागराज गया था परिवार, चोरों ने घर में घुसकर नकदी समेत पार कर दिए गहने

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत बजरहा टोला में चोरों ने सूने घर में घुसकर नकदी समेत सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। पुलिस ने बताया कि मानिकलाल पुत्र रामखेलावन चौधरी अपने परिवार के साथ 27 जनवरी को कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज चले गए थे। इस बीच अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर पीछे की तरफ से घर में घुसकर आलमारी, पेटी में रखा सामान उलट-पलट दिया और लॉकर में रखी 50 हजार नकदी सहित सोने की मंगलसूत्र, झुमका, नथुनी, चांदी की पायल, बिछिया समेत कीमती सामान पार कर दिया। गुरुवार दोपहर को सतना लौटने पर मानिकलाल को चोरी की बात पता चली, तब उन्होंने कोतवाली जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित के मुताबिक वे अपने बेटी के विवाह की तैयारी कर रहे हैं। इसी के चलते थोड़ा-थोड़ा कर नकदी और गहने जुटा रहे थे, मगर चोरों ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया। शहर में इन दिनों की चोरी के मामले तेजी से बढ़े हैं। बीते 8 दिनों में ही कोतवाली और कोलगवां थाना क्षेत्र में चार पहिया वाहन से घूमने वाले गिरोह ने दो आभूषण दुकानों को निशाना बनाकर पुलिस को चुनौती दी है, मगर पुलिस अब तक बदमाशों को पकडना तो दूर उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है, जबकि 23 जनवरी को सुभाष चौक में कैलाशचन्द्र गुप्ता की दुकान से लगभग 5 लाख के आभूषण चोरी करने अल्टो कार से आए गिरोह और 28 जनवरी को कोलगवां थाना के कबाड़ीटोला में संचालित प्रमोद सोनी की ज्वेलरी शॉप में चोरी की कोशिश करने वाले बोलेरो सवार गिरोह के सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध हैं। लगातार हो रही चोरियों से पुलिस की नाइट पेट्रोलिंग पर भी सवाल खड़े हो गए।

# प्रयागराज से वापस लौटे भक्तों से गुलजार हुए चित्रकूट और मैहर



**सतना।** मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं से पवित्र नगर चित्रकूट और मैहर गुलजार हो गए हैं। स्थितियां ऐसी बन गई हैं कि यूपी और एमपी के बार्डर पर स्थित भगवान श्रीराम की तपस्थली चित्रकूट में मौनी अमावस्या से भी ज्यादा भीड़ एकत्र हो गई तो मां शारदा के धाम मैहर में नवरात्र और नववर्ष के प्रथम दिवस की तरह आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान दोनों ही जगह प्रशासन और पुलिस की सूझबूझ से स्थितियां बिगडने नहीं पाईं और भक्तों ने स्नान, पूजन व दर्शन जारी रखे।

प्रयागराज से वापसी पर चित्रकूट ही सबसे प्रमुख तीर्थस्थल पड़ता है, ऐसे में लाखों भक्तों ने यहां डेरा डाल दिया है। एक अनुमान के मुताबिक पवित्र नगर में 6 से 7 लाख के बीच तीर्थयात्री दिन भर में पुण्य सलिला मंदाकिनी में स्नान कर परिक्रमा व कामतानाथ के दर्शन कर चुके हैं तो गुप्त गोदावरी, सतीअनुसुइया और हनुमान धारा में भी भक्त पहुंचे हैं। अभी बड़ी संख्या में लोग दर्शन नहीं कर पाने के चलते चित्रकूट में रुके हुए हैं। मेला व्यवस्था सम्हालने के साथ पुलिस को हनुमान धारा मार्ग, परिक्रमा मार्ग और मोहकमगढ़ बाईपास में दिन भर रुक-रुक कर लगते रहे जाम को खुलवाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी।

चित्रकूट के बाद विश्व प्रसिद्ध मां शारदा शक्तिपीठ में भी दूर-दूर से आए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह पट खुलने से लेकर रात 11 बजे तक दर्शन का सिलसिला अनवरत जारी रहा। सीढियों के अलावा वैन और रोपवे से श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां के दिव्य दर्शन कर पुण्यलाभ अर्जित करते रहे। प्रशासन के मुताबिक पट बंद होने तक ढाई लाख लोग दर्शन कर चुके थे। अब भी बड़ी संख्या में भक्त मैहर के होटल, लॉज, धर्मशालाओं में रुके हुए हैं तो सुबह होने तक और भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सभी पार्किंग फुल हैं, जिसके चलते अतिरिक्त स्थान चिन्हित कर अस्थायी पार्किंग बनाई जा रही है। पूरे दिन एसपी सुधीर अग्रवाल, एएसपी मुकेश वैश्य और सीएसपी राजीव पाठक ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर स्थितियों पर नजर बनाए रखी। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र में तीन डीएसपी के साथ 70 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

# जेके सीमेंट कंपनी जिले के लिए अभिशाप साबित हो रहीं है: पूर्व विधायक



**पन्ना।** पन्ना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीकांत दुबें ने विज्ञप्ती जारी करते हुए कहा कि जिस प्रकार से जेके सीमेंट कंपनी में भयानक हादसा हुआ तथा चार मजदूरो की मोत हो गई एवं दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। उक्त घटना बहुत ही दुखदाई एवं दर्दनाक है, मे म्रतको के परिवारजनो कों शोक श्रद्धाजंलि अर्पित करता हूँ तथा गंभीर घायलो को जल्द ही स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होने आंगे कहा कि यह घटना प्रबंधन की लापरवाही से हुई है, उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच की जाये तथा म्रतको के परिवारो को एक-एक करोड़ की राशि मुआवजा के रूप मे दी जाये, एवं घायलो को पचास पचास लाख रूपये की राशि दी जाये। उन्होने आंगे कहा कि कंपनी प्रबंधन शुरूआत से ही मनमाने ढंग से कार्य कर रहा है, क्षेत्र के किसानो की वेश कीमती जमीने ओने पोने दामो पर विचौलियो के माध्यम से ली गई। कंपनी संचालन के बाद जेके सीमेंट कंपनी के डम्फरो द्वारा सड़क दुर्घटना मे सैकड़ो लोगो को मौत की नीन्द सुला दिया गया। तथा लगातार लापरवाही की गई, कोई भी आवाज उठाने पर सुनने वाला नहीं हैं। भाजपा की सरकार क्षेत्रीय सासंद एवं प्रशासन प्रबंधन के गैर जिम्मेवार कार्य प्रणाली से मिला हुआ है, इसी लिए किसी प्रकार का अंकुश नहीं लगाया गया। श्री दुबे ने कहा कि सत्ताधारी दल के जन प्रतिनिधि लगातार हो रही दुर्घटनाओं के प्रति गंभीर नहीं है, उन्होने इस घटना को लेकर न्यायिक जांच कराये जाने की मांग की है। तथा कंपनी प्रबंधन पर यह भी आरोप लगाया है कि अपनी असलियत छिपाने के लिए घटित घटना मे घायलो को जिला चिकित्सालय पन्ना ईलाज के लिए नहीं लाया गया, जबकी पन्ना की दूरी पुरैना से मात्र 50 किलोमीटर है घायलो को 80 किलोमीटर दूर कटनी निजी अस्पतालो मे ईलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस द्वारा मीडिया एवं म्रतको तथा घायलो के परिजनो को प्लांट के अन्दर नहीं जाने दिया गया, आखिर क्या छिपाया जा रहा है। उन्होने यह भी आरोप लगाया गया कि कंपनी द्वारा मजदूरो का शोषण किया जा रहा है तथा काम का अधिक दबाव बनाया जाता है, जिससे इस प्रकार की घटनाए घटित हो रहीं हैं, सुरक्षा तथा चिकित्सा के भी प्रबंधन द्वारा कोई इन्तजाम नहीं किये गयें है। स्थानीय लोगो को रोजगार देने का वादा भी किया था लेकिन उसके बाद क्षेत्र के किसानो को कोई रोजगार नहीं दिया गया। इसके संबंध में भी सरकार तथा प्रबंधन को स्पष्ट करना चाहीए। उन्होने आंगे कहा कि सीमेंट कंपनी के द्वारा सबसे स्वच्छ नदी केन नदी का जल भी प्रदूषित किया जा रहा है, इसकी भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहीए।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, सोमवार 03 फरवरी 2025 | 8

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा-प्रयागराज मार्ग में 4 स्थानों पर अधिकारियों के दल तैनात करके तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जा रही हैं। उसी अवसर का दृष्य।



## खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

**रीवा में 10 करोड़ 33 लाख रुपये लागत के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की स्वीकृति के लिये किया अनुरोध**

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया से की सौजन्य भेंट



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हाल ही में रीवा में एक भव्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है, जहां दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र के जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों से उभर रही खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया से विंध्य क्षेत्र के खिलाड़ियों के विकास के लिए रीवा में 10 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने के लिये अनुरोध किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलो इंडिया' अभियान और खेल के माध्यम से युवाओं के समग्र विकास की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण से विंध्य क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया और आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। रीवा सांसद श्री जनार्दन मिश्र और सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्र भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 3 फरवरी को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन सहित समय सीमा के पत्रों में की गयी कार्यवाही की समीक्षा की जायेगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## फाइलेरिया उन्मूलन संबंधी बैठक मऊगंज में 5 फरवरी को

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन से संबंधित जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक 5 फरवरी को दोपहर बाद एक बजे से कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित की गयी है। बैठक में मऊगंज जिले के हनुमना विकासखण्ड में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सामूहिक दवा सेवन अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा।

## महाकुंभ मेले के यात्रियों के लिए रीवा-प्रयागराज मार्ग में की गयी है समुचित व्यवस्थायें



**रीवा।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला लगातार जारी है। महाकुंभ में तीन फरवरी बसंत पंचमी को विशेष पर्व स्नान तथा अमृत स्नान होगा। इसी तरह माघ पूर्णिमा 12 फरवरी एवं महाशिवरात्रि 26 फरवरी को भी विशेष पर्व स्नान होंगे। इन अवसरों पर तीर्थयात्रियों के बड़ी संख्या में रीवा-प्रयागराज मार्ग से प्रयागराज जाने के कारण सड़क पर वाहनों का लगातार दबाव रहेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा-प्रयागराज मार्ग में 4 स्थानों पर अधिकारियों के दल तैनात करके तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जा रही हैं। तीर्थयात्रियों के अस्थायी रूप से ठहरने, भोजन, पानी, जलपान, शौचालय, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियाँ की गयी हैं तथा तीर्थ यात्रियों के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी यात्री को रीवा जिले से गुजरते हुए किसी भी तरह की परेशानी न हो। बेला बाईपास, श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव तथा चाकघाट में बनाये गये रैनबसेरों में तीर्थयात्रियों के रूकने तथा उनके भोजन, पानी आदि वितरण की व्यवस्थाएँ अधिकारियों के दल द्वारा की जा रही है। तीर्थयात्रियों को आवश्यक दवाओं का भी वितरण इन स्थानों पर किया जा रहा है। इसके साथ ही जोगिनहाई टोल प्लाजा, सोहागी टोल नाका तथा चाकघाट बॉर्डर में वाहनों के निर्बाध आवागमन की व्यवस्था अधिकारियों के निर्देशन में की गयी है। रीवा प्रयागराज मार्ग में रीवा जिले में कही भी वाहनों के जाम की स्थिति निर्मित नहीं हुई संपूर्ण मार्ग में तीर्थयात्री बिना किसी परेशानी के रीवा जिले से गुजर रहे हैं। कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम द्वारा भी लगातार निगरानी की जा रही है।

## हनुमना में सामूहिक विवाह, निकाह कार्यक्रम आज

**कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण**



रीवा

मऊगंज जिले के हनुमना जनपद मुख्यालय में 3 फरवरी को सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर ने कार्यक्रम स्थल मंडी प्रांगण का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने सम्मेलन में आने वाले वर-वधू को बैठने तथा भोजन एवं पानी सहित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने सम्मेलन में वर-वधू के परिजनों की भी सम्मेलन में व्यवस्थाएँ किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम कमलेशपुरी, तहसीलदार कुमारेलाल पनिका, सीएमओ अरूण कुमार त्यागी, बसंत पटेल, अजय पटेल, अनिल कुमार मिश्रा, रोहित मिश्रा सहित जनपद के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन के निर्देश

**रीवा।** प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 28 फरवरी 2025 तक सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम स्थगित

**रीवा।** आज 3 फरवरी को आयोजित होने वाले समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। आगामी तिथि की सूचना पृथक से जारी की जायेगी।

## खनि रियायत स्वीकृति संबंधी बैठक 6 फरवरी को

**रीवा।** वन सीमा से 250 मीटर परिधि में आने वाली भूमियों के खनि रियायत में स्वीकृति के संबंध में बैठक 6 फरवरी को आहूत की गई है। कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित बैठक में सिंगरौली जिले से प्राप्त खनि पट्टा एवं आपत्ति प्रमाण पत्र स्वीकृति पर चर्चा की जायेगी। बैठक में मुख्य वन संरक्षक, कलेक्टर सिंगरौली, वनमण्डलाधिकारी सिंगरौली तथा जिला खनिज अधिकारी सिंगरौली उपस्थित रहेंगे।

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण तिथि बढ़ाई गयी

**रीवा।** प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है।

अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि सामान्य शुल्क के साथ 7 फरवरी 2025 और विलंब शुल्क के साथ 14 फरवरी निर्धारित की गयी है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने आदेश जारी किये हैं। पूर्व में यह आवेदन सामान्य शुल्क के साथ 31 जनवरी और विलंब शुल्क के साथ 7 फरवरी तक जमा किये जा सकते थे। आदेश में कहा गया है कि अब निर्धारित की गयी तिथि के बाद समय में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जायेगी।

## भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति आज तक आमंत्रित

**रीवा।** समान थाना के प्रशासनिक भवन एवं परिसर निर्माण के लिए ग्राम रतहरा की शासकीय भूमि का आवंटन किया जाना है। भूमि का खसरा नंबर 301/1 रकवा 1.4140 हेक्टयर का आवंटन किया जाना है। इस भूमि आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 3 फरवरी तक नायब तहसीलदार के न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।नियत तिथि के पश्चात आपत्ति प्राप्त न होने पर भूमि आवंटन के संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

## रेडक्रास सोसायटी की वार्षिक सामान्य सभा 13 फरवरी को

रीवा

कलेक्टर एवं प्रेसीडेंट रेडक्रास सोसायटी रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 13 फरवरी को भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा इकाई की वार्षिक सामान्य सभा आयोजित की गयी है। समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की गयी है।

## 7 फरवरी को अधिकारी कर्मचारी मोर्चा देगा धरना

**रीवा।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर म.प्र.शासन का ध्यान आकर्षण करवाने के साथ साथ मांगों के निराकरण करने हेतु चार चरणों के आन्दोलन में प्रथम एवं द्वितीय चरण के आन्दोलन के पश्चात तृतीय चरण का आन्दोलन 7 फरवरी 25 को कलेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के रूप में किये जाने के पूर्व राजनिवास रीवा में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के संयोजक लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रान्ताध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी संवर्ग के लगभग 9 लाख कर्मचारी एवं अधिकारी की जायज 51 सूत्रीय मांगों के समर्थन 7 फरवरी 25 को पूरे मध्यप्रदेश के साथ ही रीवा मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के बाद दिनांक 16 फरवरी 25 को भोपाल के अम्बेडकर जयंती पार्क में प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन किया जना निश्चित हुआ है। इसके पश्चात् भी यदि सरकार अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के मांगों पर विचार नहीं करती तो आने वाले समय में अनिश्चित कालीन आन्दोलन की रणनीति तैयार की जायेगी।



पत्रकारवार्ता के दौरान संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, लिपिक वर्ग के नागेश पाण्डेय, लघुवेतन संघ के के.सी.त्रिपाठी, कार्यवाहक प्रान्ताध्यक्ष संतोष तिवारी, वाहन चालक संघ के जगदीश यादव, आउट सोर्स के विपिन पाण्डेय, धर्मपाल पटेल, मोतीलाल शर्मा, वृजेश सिंह, संतोष पाण्डेय, रमाकान्त मिश्रा, शिवचरण कुशवाहा, रामजी विश्वकर्मा, अरमान खांन, रामकृपाल कोल, नेपाल सिंह, मनोरंजन यादव, छोटेलाल गुप्ता, रामजी विश्वकर्मा, दीपक साकेत, आदि उपस्थित रहे।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल व शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बदरांव में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत छात्रो का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के लिए आवंटित नागालैंड व मणिपुर की सांस्कृतिक विरासत से छात्रों को परिचित कराया गया। विद्यालय में नागालैंड व मणिपुर की सांस्कृतिक पहचान, कला, परिधान, पर्यटन क्षेत्र, गीत संगीत आदि की जानकारी नाटक व संवाद के माध्यम से छात्रों ने एक-दूसरे को दी। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य आरके जैन, शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक अदिति पाठक व अनिता मिश्रा द्वारा किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान की अवधारणा को जाना व समझा।

## रीवा में धड़ल्ले से बिक रही जहरीली शराब! 10 लीटर यूरिया युक्त शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा में ज़हरीली और अवैध शराब का गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस ने शनिवार को 10 लीटर यूरिया युक्त ज़हरीली शराब बरामद की है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राज साकेत नाम का एक व्यक्ति यूरिया वाली ज़हरीली शराब बेच रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने छापा मार कर राज साकेत को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से 10 लीटर ज़हरीली शराब जब्त की। पुलिस के अनुसार, आरोपी राज साकेत पहले भी अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस मामले में आबकारी विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अधिवक्ता बीके माला का कहना है कि आबकारी विभाग अवैध शराब के कारोबार को रोकने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। अधिवक्ता बी.के. माला ने कहा कि क्षेत्र में लगातार अवैध शराब की बिक्री हो रही है, लेकिन आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में ज़हरीली शराब बनाई जा रही है और आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह चौहान का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मीसाबंदी अर्जुन सिंह चौहान का 2 फरवरी को सुबह 3 बजे बंसल हॉस्पिटल भोपाल में चिकित्सा के दौरान आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन की खबर से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं परिजनों मेंशोक व्याप्त हो गया है श्री चौहान की अंत्येष्टि 3 फरवरी को दोपहर मुक्तिधाम रीवा में की जाएगी रीवा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि श्री अर्जुन सिंह चौहान का बंसल चिकित्सालय भोपाल में इलाज चल रहा था जहां पर रविवार को सुबह 3ः बजे उन्होंने अंतिम सांस ली उनका पार्थिव शरीर भोपाल सेउनके निज निवास रीवा के हेडगेवार नगर में दर्शनार्थ रखा गया है 3 फरवरी को सुबह 9:00 बजे गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा अंतिम यात्रा उनके निवास से भाजपा कार्यालय पहुंचेगी जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तत्पश्चात मुक्तिधाम रीवा ले जाया जाएगा जहां पर अंतिम संस्कार होगा अर्जुन सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीवा भाजपा जिला अध्यक्ष रीवा सुधार न्यास के अध्यक्ष के साथ मीसा बंदी थे निधन के समाचार प्राप्त होते ही भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आवास में पहुंचकर परिजनों के दुख में सहभागी हुए। अर्जुन सिंह चौहान के



निधन पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री चौहान ने सामाजिक सरोकार की भूमिका के साथ संगठन को बढ़ाने के लिए काम किया सुधारना अध्यक्ष के रूप में उन्होंने रीवा के विकास के लिए नई आवासीय कॉलोनीयों के साथ रीवा शहर को विस्तार देने का काम किया है ईश्वर दिवंगत आत्मा को मोक्ष गति दे और परिजनों को कष्ट सहने का सामर्थ प्रदान करें। रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने श्री चौहान के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री चौहान भारतीय जनता पार्टी के उन नेताओं में है जिन्होंने अपना पूरा जीवन संगठन को बढ़ाने और राष्ट्रवादी विचारधारा को आम जनों के बीच ले जाने का काम किया है ईश्वर उन्हे श्री चरणों में स्थान दे.व परिवार को कष्ट सहने का सामर्थ प्रदान करें। भाजपा रीवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के लिए संपूर्ण समर्थन के साथ काम करने वाले नेता थे उन्होंनेभाजपा को बड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है उनका आकस्मिक निधन हम सबके लिए गहरा आघात है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह ने अर्जुन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी संगठन के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है मेरे साथी थे संगठन को कैसे जन-जन तक पहुंचना है पार्टी की रीत नीति सिद्धांत को युवाओं में पहुंचने में बड़ा योगदान दिया था उनके निधन से गहरा आघात लगा है। रीवा नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे ने श्री चौहान के निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा है श्री चौहान ने रीवा शहर के सौंदरीकरण से लेकर सुंदर सुसज्जित आवासीय कॉलोनीयों के निर्माण में महत्वपूर्ण कार्य किया उन्हीं के द्वारा सुधार न्यास के माध्यम से अनेक शहरी आवास योजना की शुरुआत की गई उनके निधन से भाजपा परिवार को गहरा आघात लगा है।

मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र मिश्रा ने श्री चौहान के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि उनका व्यक्तित्व सहज सरलऔर कार्यकर्ताओं को हमेशा प्रेरणा देने वाला था उनके निधन से पार्टी को अपूर्ण छति हुई है उन्होंने लंबे पार्टी संगठन को खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई है अर्जुन सिंह चौहान के निधन पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक गिरीश गौतम नागेंद्र सिंह दिव्या राज सिंह इंजी.नरेंद्र प्रजापति सिद्धार्थ तिवारी पूर्व विधायक पंचू लाल प्रजापति भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833